मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, बुधवार, 6 नवंबर 2024

संवत 2081, कार्तिक शुक्लपक्ष 6- मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 60 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

4 ▸▸ सूर्य उपासना का पर्व है छठ पूजा

अजय की फिल्म आजाद का 'दमदार' टीजर रिलीज ◂◂ 6

पटना पहुंचा शारदा सिन्हा का पार्थिव शरीर, कल राजकीय सम्मान के साथ होगा अंतिम संस्कार

मुंबई : बिहार की स्वर कोकिला शारदा सिन्हा के निधन की खबर ने सबको झकझोर कर रख दिया है। 72 साल की लोक गायिका ने जिंदगी की अंतिम सांस ली। बेटे अंशुमन सिन्हा ने मां की मौत की पुष्टि की। शारदा सिन्हा के निधन से म्यूजिक इडस्ट्री में शोक की लहर है। सिंगर्स से लेकर नेता और अभिनेता तक उन्हें श्रद्धांजलि देते नजर आ रहे हैं। इसी बीच दिवंगत सिंगर के अंतिम संस्कार को लेकर कुछ जानकारी सामने आई है। तो आइए जानते हैं शारदा सिन्हा का अंतिम संस्कार कब और कहां किया जाएगा।

शारदा सिन्हा का अंतिम संस्कार पटना में होगा। आज सुबह 9।40 बजे की इंडिगो फ्लाइट से सिंगर के पार्थिव शरीर को पटना लाया गया। मनोज तिवारी ने बताया कि पटना में राजकीय सम्मान के साथ शारदा सिन्हा का अंतिम संस्कार होगा। शारदा का पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए पटना में रखा जाएगा। यहां परिवार और इंडस्ट्री के लोग सिंगर को आखिरी विदाई देने आएंगे। 7 नवंबर की सुबह शारदा सिन्हा का अंतिम संस्कार होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत फिल्म और म्यजिक जगत से जुड़े लोगों ने शारदा के निधन पर दुख जताया है। पीएम मोदी ने अकाउंट पर दुख जताते हुए लिखा, 'सुप्रसिद्ध लोक गायिका शारदा सिन्हा जी के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। उनके गाए मैथिली और भोजपुरी के लोकगीत पिछले कई दशकों से बेहद लोकप्रिय रहे हैं। आस्था के

महापर्व छठ से जुड़े उनके सुमधुर गीतों की गूंज भी सदैव बनी रहेगी। उनका जाना संगीत जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। शोक की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिजनों और प्रशंसकों के साथ हैं। ओम शांति!' वहीं, गायिका कल्पना पटवारी ने शारदा सिन्हा को उन्हीं का छठ गीत गाकर श्रद्धांजलि दी है। बता दें, शारदा सिन्हा को 26 अक्टूबर को एम्स, दिल्ली में सिंगर को भर्ती करवाया गया था। सोमवार रात को उनकी हालत गंभीर होने की खबर आई थी। उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया और मंगलवार रात वो इस दुनिया को अलविदा कह गईं।

रिपोर्ट्स के अनुसार, शारदा सिन्हा पति ब्रज किशोर की मौत के बाद सदमे में थीं। उनकी तबीयत लगातार बिगड़ रही थी। अब पति की मौत के कुछ दिनों बाद शारदा भी इस दुनिया को अलविदा कह गई हैं।

बता दें, शारदा सिन्हा एक फेमस लोक गायिका और शास्त्रीय गायिका हैं। वह मैथिली और भोजपुरी गानों के लिए जानी जाती हैं। उनके कुछ फेमस गानों में'विवाह गीत' और 'छठ गीत' शामिल हैं। संगीत में उनके योगदान के लिए उन्हें 1991 में पद्म श्री और 2018 में पद्म विभूषण से भी सम्मानित किया गया है।इतना ही नहीं, उन्होंने 'मैंने प्यार किया' के 'कहे तोसे सजना' जैसे कुछ बॉलीवुड गानों को भी अपनी आवाज दी है। उन्होंने 'हम आपके हैं कौन' और 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' जैसी फिल्मों के लिए भी गाया है।

अमेरिका के नए राष्ट्रपति बने डोनाल्ड ट्रम्प

वाशिंगटन : अमेरिकी संसद में सत्तासीन डेमोक्रेटिक पार्टी को झटका लगा है। दरअसल राष्ट्रपति चुनाव में कमला हैरिस अपने प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप से पिछड़ रही हैं, लेकिन अब अमेरिकी संसद के उच्च सदन सीनेट में भी रिपब्लिकन पार्टी का बहुमत हो गया है। अब सदन में रिपब्लिकन पार्टी के 51 और डेमोक्रेट पार्टी के 42 सांसद हो गए हैं।

ओहायो और वेस्ट वर्जीनिया में जीते रिपब्लिकन उम्मीदवार : मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार ओहायो से डेमोक्रेट पार्टी के सीनेटर शेरोड ब्राउन अपने चौथे कार्यकाल के लिए लड़ रहे थे। हालांकि, यहां उन्हें लग्जरी कार डीलर और रिपब्लिकन प्रत्याशी बर्नी मोरेनो ने शिकस्त दी। इससे पहले सीनेटर जो मेर्नशिन क्क्रके रिटायरमेंट से खाली हुई सीट पर वेस्ट वर्जिनिया के गवर्नर जिम जस्टिस ने कब्जा जमाया। इसी के साथ रिपब्लिकन पार्टी ने सीनेट में बहुमत हासिल कर लिया।

अमेरिकी सीनेट 100 सदस्यीय सदन है। इनमें से 66 सीटों पर चुनाव नहीं हुए थे और सिर्फ एक तिहाई यानी कि 34 सीटों पर नए सांसद चुने गए हैं। रिपब्लिकन पार्टी ने बीते चार साल में पहली बार अमेरिकी संसद के उच्च सदन सीनेट में बहुमत हासिल किया है। इतिहास में पहली दो अश्वेत महिलाएं सीनेट के लिए चुनी गई हैं, जिनमें डेमोक्रेट पार्टी की लीजा ब्लंट रोचस्टर और एंजेला एलसोब्रुक्स शामिल हैं। दोनों क्रमशः डेलावेयर और मैरीलैंड से जीतकर सीनेट पहुंची हैं।

निचले सदन में भी रिपब्लिकन पार्टी को बहुमत के आसार : वहीं राष्ट्रपति चुनाव में भी रिपब्लिकन पार्टी को बहुमत मिलता दिख रहा है। अभी तक के चुनाव नतीजों में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप 230 इलेक्टोरल कॉलेज के साथ बहुमत के आंकड़े 270 के करीब जाते दिख रहे हैं। वहीं कमला हैरिस 205 इलेक्टोरल कॉलेज वोट के साथ पिछड़ती दिख रही हैं। कई स्विंग स्टेट में डोनाल्ड ट्रंप ने जीत हासिल की है और इससे साफ है कि ट्रंप चुनाव प्रचार के दौरान मतदाताओं को लुभाने में कामयाब रहे। माना जा रहा है कि अवैध अप्रवासियों का मुद्दा डेमोक्रेट पार्टी को भारी पड़ गया है।

अमेरिका की जनता की शानदार जीत' : ट्रम्प

वॉशिंगटन : अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप ने निर्णायक बढ़त हासिल कर ली है। जीत के बाद उन्होंने अपने समर्थकों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने अमेरिका की जनता का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि यह जीत अविश्वसनीय और ऐतिहासिक है। हम अमेरिका की भलाई के लिए काम करेंगे। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि ये पल इस देश को फिर से मजबूत करने में मदद करेंगे। फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच कन्वेंशन सेंटर में अपने संबोधन में ट्रंप ने कहा कि 'मैं हर दिन आपके लिए लड़ूंगा और अमेरिका में स्वर्णिम काल लेकर आएंगे।

ट्रंप ने समर्थकों को कहा शुक्रिया

ट्रंप ने फ्लोरिडा में समर्थकों से कहा कि 'मैं आपका 47वां राष्ट्रपति हूं। ऐसी राजनीतिक जीत पहले कभी नहीं देखी गई।' भारी जीत की कगार पर खड़े रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ट्रंप ने अपने समर्थकों का शुक्रिया अदा किया और इसे अमेरिकी लोगों की शानदार जीत बताया। दरअसल, 78 वर्षीय ट्रंप को फिलहाल 267 इलेक्टोरल कॉलेज वोट मिलने की जानकारी है। यह 270 के जादुई आंकड़े से तीन कम है। वहीं, उनकी प्रतिद्वंद्वी मौजूदा उपराष्ट्रपति कमला हैरिस 214 इलेक्टोरल कॉलेज वोटों के साथ पीछे चल रही हैं।

ट्रंप बोले– हमने इतिहास रच दिया

रिपब्लिकन चुनावी अभियान को अब तक का सबसे बड़ा राजनीतिक आंदोलन बताते हुए ट्रंप ने कहा कि 'हम अपने देश को ठीक करने, अपनी सीमाओं को सुरक्षित करने के लिए काम करेंगे। हमने आज इतिहास रच दिया है। हमने सबसे अविश्वसनीय राजनीतिक जीत हासिल की है। मैं अमेरिकी लोगों को धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं अपनी हर सांस के साथ आपके और आपके परिवार के लिए लड़ूंगा।' ट्रंप ने कहा कि 'यह एक ऐसा आंदोलन था, जिसे पहले कभी किसी ने नहीं देखा। सच कहूं तो मेरा मानना है कि यह अब तक का सबसे बड़ा राजनीतिक आंदोलन था। इस देश में और शायद इससे परे भी ऐसा कुछ कभी नहीं हुआ। अब यह एक नए स्तर पर पहुंचने जा रहा है, क्योंकि हम अपने देश को ठीक करने में मदद करने जा रहे हैं। हमारे पास एक ऐसा देश है, जिसे मदद की जरूरत है। यह ऐतिहासिक है। इसका कारण सिर्फ यही है कि हमने उन बाधाओं को पार किया, जिनके बारे में किसी ने सोचा भी नहीं था।'

ट्रंप ने एलन मस्क का भी दिया धन्यवाद

ट्रंप ने अपने परिवार का शुक्रिया अदा किया। साथ ही चुनाव में उनके लिए काम करने वालों की मेहनत का भी जिक्र किया। इस बीच उन्होंने अरबपति कारोबारी एलन मस्क का भी जिक्र किया। ट्रंप ने कहा कि वह एलन मस्क से प्यार करते है और उनके समर्थन के लिए आभार जताते हैं। ट्रंप ने मस्क की संचार व्यवस्था स्टारलिंक का जिक्र किया और नॉर्थ कैरोलाइना में बाढ़ प्रभावितों की मदद से जुड़ा किस्सा सुनाया। ट्रंप ने कहा कि मस्क की वजह से ही नॉर्थ कैरोलाइना में रिपब्लिकन पार्टी को जीत मिली। ट्रंप ने संबोधन के दौरान अपने वादों को भी दोहराया। उन्होंने कहा कि 'आपको बेहतर नौकरियां मिलेंगी। अवैध आव्रजन बंद होगा। हम टैक्स घटाएंगे, क्योंकि हमारे पास जो है, वह चीन के पास भी नहीं है।' ट्रंप ने कहा कि 'यह वह पल है, जब अमेरिकी अपने देश का नियंत्रण फिर अपने हाथ में लेंगे। ट्रंप ने इसके बाद रॉबर्ट एफ। कैनेडी का भी शुक्रिया किया और कहा कि वह मेक अमेरिका हेल्दी अगेन (अमेरिका को फिर स्वस्थ बनाने) का जिम्मा संभालेंगे।'

पीएम मोदी 10 को आयेंगे झारखंड, चंदनकियारी में जनसभा को करेंगे संबोधित



मेट्रो रेज

बोकारो: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 नवंबर को फिर से झारखंड दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरे पर बोकारो जिले के चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र के चंडीपुर फुटबॉल मैदान में उनकी जनसभा होगी। यह पहली बार होगा जब देश का कोई प्रधानमंत्री चंदनकियारी आ रहे हैं। इसके लिए चंडीपुर फुटबॉल मैदान में तैयारियां जोरों पर हैं।

जानकारी के अनुसार, पीएम मोदी की इस जनसभा में सात विधानसभा क्षेत्रों से लोग पहुंचेंगे। वहीं मंच पर सातों विधानसभा क्षेत्रों के एनडीए के सभी प्रत्याशियों के साथ एनडीए के कई बड़े और वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री चंदनकियारी से एनडीए प्रत्याशी अमर बाउरी के पक्ष में वोट की अपील करने आ रहे हैं।

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि देश का कोई प्रधानमंत्री पहली बार चंदनकियारी आ रहा है, साथ ही झारखंड की जनता रोटी बेटी माटी के लिए, झारखंड की अस्मिता के लिए, मूल आदिवासियों की अस्मिता के लिए इस चुनाव में दृढ़ संकल्प के साथ खड़ी है। वे उनका नेतृत्व करेंगे।

उन्होंने कहा कि उनके आगमन का असर दिखने लगा है, उनके आने से ही लोगों की नींद उड़ गई है। झारखंड सरकार हिल गई है। इस बार जनता इस अत्याचारी और भ्रष्ट सरकार का अंत कर देगी। बता दें कि चंदनकियारी से अमर कुमार बाउरी को भाजपा ने अपना उम्मीदवार बनाया है।

लातेहार में अपराधियों का तांडव, कोयला लदे दो ट्रकों में लगाई आग

मेट्रो रेज

लातेहार: जिला के बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत मगध कोलियरी के गोलीतांड के पास अपराधियों ने मंगलवार की रात कोयला लोड दो ट्रैकों में आग लगा दी। इस घटना को अंजाम किस आपराधिक गिरोह के द्वारा दिया गया इसकी पुष्टि अभी तक नहीं हो पाई है। हालांकि घटनास्थल से जेजेएमपी नक्सली संगठन के नाम पर एक पर्चा मिला है। इधर सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम घटनास्थल की ओर रवाना हो चुकी है।

दरअसल, मंगलवार की रात कोयला लेकर दो ट्रक मगध कोलियरी के गोलीतांड के पास खड़ी थी। इसी दौरान कुछ हथियार बंद अपराधी वहां पहुंचे और दोनों ट्रैकों में आग लगा दी। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी वहां से फरार हो गए। अपराधियों ने घटनास्थल पर एक पर्चा भी फेंका। यह पर्चा जेजेएमपी के जनरल कमेटी विक्रमजी के नाम से जारी है। पर्चा में स्पष्ट लिखा हुआ है कि संगठन से इजाजत लिए बिना यदि कोई काम करेगा तो जेजेएमपी संगठन उस पर फौजी कार्रवाई करेगी।

लेवी के लिए दहशत फैलाने का प्रयास : बताया जाता है कि अपराधियों के द्वारा यह कार्य कोयला व्यवसाईयों से लेवी और रंगदारी वसूलने के लिए दहशत फैलाने का प्रयास है। इस प्रकार आगजनी की कार्रवाई कर अपराधी कोलियरी में अपना प्रभाव जमाना चाह रहे हैं। हालांकि इस घटना के बाद कोलियरी में दहशत का माहौल भी देखा जा रहा है।

सूचना मिलते ही पुलिस की टीम घटनास्थल की ओर रवाना : इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम तत्काल घटनास्थल की ओर रवाना हो गई। इस घटना की पुष्टि करते हुए एसपी कुमार गौरव ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम छापामारी भी आरम्भ कर दी है। उन्होंने कहा कि जल्द ही घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों को चिन्हित कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

मेट्रो Rays

न्यूज ब्रीफ

निर्दलीय प्रत्याशी शालिनी गुप्ता ने जनसमर्थन जुटाने का किया आह्वान

कोडरमा : विधानसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी शालिनी गुप्ता ने मंगलवार को झुमरीतिलैया नगर और कोडरमा ग्रामीण के विभिन्न गांव का दौरा कर जनता से संवाद किया। उन्होंने मिटको कॉलोनी, भंडरवा, संग्रामडीह, चांदेड़ीह, अंबाटांड़, बिच्छिपहरी, बेकोबार, ढोंगो पहाड़ी, सोनेटाड़, बागरेटोला, खरखरो, बराडीह, बेलगढहा, डुमरडीहा, चिगलाबर, सोंदेडीह, सलाईया, सियारी, पथलडीहा, बृंदा, लरियाडीह सहित अन्य गांव में पहुंचकर चुनावी मुद्दों पर चर्चा की और लोगों से समर्थन मांगा।वहीं शालिनी गुप्ता ने जनता से आह्वान किया कि वह उनके साथ मिलकर कोडरमा की दशा और दिशा बदलने का संकल्प लें। उन्होंने जनता से 13 नवंबर को 12 नंबर अलमारी छाप पर वोट देने की अपील की और कहा कि अगर उन्हें जन आशीर्वाद मिलता है, तो वह 24 घंटे और 365 दिन सेवा कार्यों में जुटी रहेंगी।

सिल्ली में जेएमएम कार्यालय का उद्घाटन

मुरी : सिल्लीडीह में जेएमएम कार्यालय का उद्घाटन सुकुमार महतो के मकान में किया । इसमें लोवादाग और लुपुंग पंचायत के कार्यकर्ता संचालन करेंगे।कार्यालय उद्घाटन अशोक चौधरी,राधिका महतो एवं एवं अन्य गणमान्य लोग की उपस्थिति में फीता काट कर किया। हेमंत सोरेन और अमित महतो जिन्दाबाद, झारखंड मुक्ति मोर्चा जिंदाबाद के नारे लगाए गए। उद्घाटन में गोकुल महतो, फलाहारी महतो, भगीरथ महतो, अशोक चौधरी,पुतुल महतो, रवि पातर मुंडा, शिव चरण पाहन, किशोर विश्वकर्मा, विन्देश्वर,अजय, मनोज, जगदीश मुंडा, अजीत महंतो, सृष्टि धर महतो, संजय महतो, सुदर्शन महतो समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

गांव की तरक्की व विकास मेरी प्राथमिकता : अनिल मुंडा

सिल्ली : भारतीय आदिवासी पार्टी प्रत्याशी अनिल सिंह मुंडा ने पूंदाग सिल्ली में जनसंपर्क अभियान चलाया, इस दौरान मुंडा ने लोगों से क्रम संख्या चुनाव चिन्ह हॉकी बॉल छाप में बटन दबा कर भारी मतों से विजयी बनाने का अपील किया। उन्होंने कहा मेरा हर पल रहेगा एक ही प्रयास गांव की तरक्की गांव का विकास जनता एक बार सेवा करने का मौका दें सिल्ली की तस्वीर बदल देंगे। मुंडा ने आगे कहा सिल्ली विस क्षेत्र में जनता के आशा के अनुरूप झारखंड गठन के इतने वर्षों बाद भी अपेक्षित विकास नहीं हुआ है लोग आज भी बिजली पानी सड़क तथा स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित है।

मेरे जीवन का लक्ष्य है जन सेवा करना : डॉ लंबोदर महतो

बोकारो : गोमिया विधानसभा क्षेत्र के भाजपा - आजसू गठबंधन प्रत्याशी डा लंबोदर महतो मंगलवार को गोमिया प्रखंड अंतर्गत धवेया, बड़की पुनू, छिटकी पुनू, महुआटांड़, कंडेर आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान सह नुक्कड़ सभा किया। इस दौरान प्रत्याशी डा महतो को ग्रामीणों द्वारा गाजे बाजे के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर डा लंबोदर महतो ने कहा कि मेरे जीवन का लक्ष्य जनसेवा करना है और मैं पिछले कई वर्षों से लोगों के दुख सुख में हमेशा साथ खड़ा रहा हूं। वहीं पांच वर्षों के अपने कार्यकाल में क्षेत्र में विकास कार्यों का जाल बिछाया है। इस बार भी क्षेत्र की जनता से अपील है कि पुनः घर के बेटा का समर्थन कर भारी मतों से जीत सुनिश्चित करें। मौके पर जिप सदस्य अरविंद कुमार, उप प्रमुख अनिल कुमार महतो, मुखिया अंकेश्वर महतो, आजसू के केंद्रीय सदस्य संतोष साव, आजसू प्रखंड अध्यक्ष महेश महतो, इन्द्रनाथ महतो, पंचदेव महतो, विक्रम साव, अजय महतो, हेमंत गुप्ता, शेखर महतो आदि मौजूद थे।

छठ पूजा को लेकर फलों का बाजार सजी

मुरी : सिल्ली मुरी समेत हर बजार में छठ पूजा को लेकर प्रसाद के लिए फल बिकने को सुबह से खुल गई है।फल में ढाब नींबू,केतारी,केला,सेब से लेकर तरह तरह के फल एवं जरूरत के सभी चीजें मौजूद रही। काफी श्रध्दा से लोग बजार पहुंच रहे हैं।छोटा मुरी में ही चार बड़ी बड़ी छठ पूजा की दुकान स्पेशल रूप से खुली है। वैसे आज शाम से खरना की तैयारी शुरू कर दी गई है।

ऐसे महाठगबंधन, तुष्टिकरण की राजनीति करने वाली सरकार को उखाड़ फेंकने का चुनाव है : अमर बाउरी

भारतीय जनता पार्टी ने अपने 25 संकल्प के साथ जनता के बीच कर रही है चुनाव प्रचार

मेट्रो रेज

बोकारो : विधानसभा चुनाव 2024 इस बार झारखंड को बचाने का चुनाव है। जिस तरह से हेमंत सोरेन की सरकार ने राज्य की अस्मिता को धूमिल कर यहां की खनिज संपदा, बालू, नौकरी, युवाओं के सपने आदि को लूटने का काम किया है ऐसे महाठगबंधन, तुष्टिकरण की राजनीति करने वाली सरकार को उखाड़ फेंकने का चुनाव है। राज्य की जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है, इसलिए राज्य की जनता चाहती है कि इस बार भारतीय जनता पार्टी जो विकास और अंत्योदय को प्राथमिकता देती है वैसी सरकार को राज्य में लाना है। उक्त बातें नेता प्रतिपक्ष सह चंदनकियारी विधायक अमर कुमार बाउरी में मंगलवार को प्रधान चुनाव कार्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कही। संवाददाता सम्मेलन में अमर कुमार बाउरी ने कहा कि 2024 विधानसभा चुनाव शुरू हो चुका है और झारखंड में पहले चरण का चुनाव 13 और दूसरे चरण का चुनाव 20 नवंबर को होना है। भारतीय जनता पार्टी अपने संकल्प के साथ मैदान में उतर चुकी है। वर्ष 2025 में झारखंड के 25 वर्ष पूरे हो रहे हैं वहीं बाबा बिरसा मुंडा की 150 वी जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी ने अपने 25 संकल्प के साथ जनता के बीच चुनाव प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भारतीय जनता पार्टी ने पंच प्रण के माध्यम से जनता के बीच चुनावी समर की शुरूआत की है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने चुनाव से पूर्व जो भी वादे किए थे उसे आज तक पूरा नहीं किया। फिर चाहे युवाओं को नौकरी देने की बात हो या बुजुर्गों को पेंशन का लाभ देना हो या फिर किसानों को ऋण माफी की बात हो, हेमंत सोरेन की सरकार ने अपने किसी भी वादे को पूरा नहीं किया। उसके बदले राज्य के युवाओं के सपने को बेचने का काम किया। लेकिन भारतीय जनता पार्टी अपने संकल्प पत्र के माध्यम से यह राज्य की जनता को बताना चाहती है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार 5 वर्षों में 287500 सरकारी रिक्त पदों को भरने का काम करेगी। वही पहले वर्ष में ही डेढ़ लाख सरकारी नौकरी पर नियुक्तियां की जाएगी। हर वर्ष प्राइवेट नौकरी में भी एक लाख सरकारी नौकरी का सृजन कर युवाओं को उसे जोड़ने का काम भाजपा करेगी। महिला सशक्तिकरण को लेकर उन्होंने कहा कि जिस तरह से हेमंत सोरेन की सरकार ने अपने वर्ष 2019 के संकल्प पत्र में वादा किया था कि वे 72000 प्रतिवर्ष हर घर को देंगे वहीं ?2000 चूल्हा भत्ता देंगे, लेकिन पूरे 5 वर्षों तक इस झूठी सरकार ने किसी भी लाभुक को पैसा नहीं दिया और अंतिम तीन माह में मईंया योजना के माध्यम से एक हजार रुपए दे कर फिर से लोगों को ठगने का प्रयास कर रही है। लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने साफ तौर पर अपने संकल्प पत्र में कहा है कि गोगो दीदी योजना के माध्यम से हर माह के 11 तारीख को ?2100 माता और बहनों के खाते में डीबीटी के माध्यम से दिया जाएगा। वही ?500 में रसोई गैस का सिलेंडर और दो अतिरिक्त गैस सिलेंडर महत्वपूर्ण पर्व के दौरान मुफ्त में दिया जाएगा। उन्होंने बताया की युवाओं को अपने प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों को प्रतिमाह ?2000 दिया जाएगा।21 लाख परिवार का पक्का मकान का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में बालू सुलभ है लेकिन हेमंत सोरेन की सरकार ने बालू को इतना महंगा कर दिया कि आम जनता और गरीब जनता तक वह पहुंच ही नहीं पा रही। भारतीय जनता पार्टी गरीब जनता को निशुल्क बालू देने का वादा कर रही है। जल जीवन मिशन के तहत भारतीय जनता पार्टी अपने कार्यकाल में 59 लाख घरों में साफ पेयजल पहुंचाने का काम करेगी। नेता प्रतिपक्ष ने बताया कि जिस तरह से हेमंत सोरेन की सरकार ने सभी प्रतियोगिता परीक्षा जिसमें के लैब टेक्नीशियन, जेएसएससी, जेपीएससी आदि परीक्षाओं में गड़बड़ियां हुई है और उसकी सीटों को बेचने का काम किया गया है उन सभी परीक्षाओं की सीबीआई जांच कराई जाएगी और आरोपियों को जेल में भेजने का काम करेगी। वाहिम सरकार गतहँ के एक माह के अंदर ही जेपीएससी अध्यक्ष को भी नियुक्त किया जाएगा।बांग्लादेशी घुसपैठ के रोकथाम के बारे में उन्होंने कहा कि माननीय झारखंड उच्च न्यायालय ने खुद माना है कि बांग्लादेशी घुसपैठ के कारण राज्य और भारत की संप्रभुता खतरे में पड़ी हुई है।यदि इसे अभी नहीं रोका गया तो आने वाले समय में राज्य की अस्मिता ही समाप्त हो जाएगी। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठ को रोकने के लिए भाजपा कठोर कानून बनायेगी और घुसपैठियों के द्वारा जो भी जमीन पर कब्जा किया गया है उसे मुक्त करवाएगी। आदिवासी बहु बेटियों के साथ शादी करने वाले बांग्लादेशी घुसपैठियों को आदिवासी का दर्जा नहीं दिया जाएगा।नेता प्रतिपक्ष ने भाजपा के अन्य संकल्प को बताया। उन्होंने बताया कि हम महिला सशक्तिकरण के लिए ?50 लाख तक मूल्य की अचल संपत्ति के. पंजीकरण के लिए एक रुपये की स्टांप ड्यूटी को पुनः बहाल करेंगे। बीएड, नर्सिंग और अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए सरकारी संस्थानों में निःशुल्क शिक्षा प्रदान करेंगे, और निजी संस्थानों में ट्यूशन फीस के खर्च को वहन करेंगे। झारखंड में 'विस्थापन से पहले पुनर्वास' सुनिश्चित करने के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक पुनर्वास आयोग का गठन करेंगे।आदिवासी सम्मान एवं अस्मिता को बनाए रखने और बढ़ावा देने के लिए राज्य में प्रत्येक आदिवासी धार्मिक और सांस्कृतिक स्थल के विकास के लिए और गांव स्तर पर पर्वों और लोक आयोजनों के लिए अनुदान सहायता देंगे। आदिवासी भाषाओं, इतिहास, कला और संस्कृति को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के लिए ?500 करोड़ खर्च कर 'सिद्धो-कान्हो शोध केंद्र' स्थापित करेंगे। गांवों में स्मारकों, सूचना केंद्रों और प्रदर्शनियों के माध्यम से भगवान बिरसा मुंडा, सिद्धो-कान्हो और नीलाम्बर-पीताम्बर जैसे आदिवासी नायकों को सम्मानित करेंगे।'फूलो-झानो पढ़ो बिटिया' योजना के तहत राज्य के गरीब और पिछड़े वर्ग की प्रत्येक बालिका को केजी से पीजी (ङ्ग्र ३ङ्ग ढञ्) तक मुफ्त शिक्षा प्रदान करेंगे।'मातृत्व सुरक्षा योजना' के तहत प्रत्येक गर्भवती महिला को 6 पोषण किट और ?21,000 की सहायता प्रदान करेंगे। राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार के लिए एक व्यापक आधारभूत ढांचा विकसित करेंगे, जिसके अन्तर्गत झारखंड में 10 नए सरकारी मेडिकल कॉलेज और राज्य के प्रत्येक जिले में एक नर्सिंग प्रशिक्षण कॉलेज स्थापित करेंगे।आयुष्मान भारत - जीवन धारा योजना' से सभी 70 वर्ष से ऊपर के व्यक्तियों को ?10 लाख तक निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा प्रदान करेंगे, जिसमें आयुष्मान भारत के ?5 लाख के अतिरिक्त राज्य द्वारा ?5 लाख की सहायता दी जाएगी। सीएचसी, पीएचसी और अन्य सरकारी अस्पतालों में 25,000 नए बेड की सुविधा उपलब्ध कराएँगे।

झारखंड में सुशासन सुनिश्चित करने के लिए मौजूदा सरकार के व्यापक कुशासन और भ्रष्टाचार के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' नीति को लागू करेंगे एवं एक जांच आयोग का गठन करेंगे। 2 सालों के भीतर नक्सलवाद का खात्मा करेंगे। एडवांस्ड टेक सर्वेलन्स मेकनिजम और एक मजबूत कानूनी ढांचे के माध्यम से राज्य में अवैध खनन पर अंकुश लगाएंगे। 181 सीएम संवाद हेल्पलाइन को पुनः बहाल करेंगे। पंचायती राज व्यवस्था को और सशक्त बनाने के लिए मुखियाओं का मासिक वेतन ?5,000 तक बढ़ाएंगे। झारखंड को 2027 तक मानव तस्करी मुक्त बनाने के लक्ष्य को ध्यान में रखकर 'ऑपरेशन सुरक्षा' शुरू करेंगे, जिसका ध्यान मानव तस्करी की रोकथाम, बचाव और पुनर्वास पर होगाः. > हम सभी क्षेत्रीय भाषाओं में तत्काल सहायता और जानकारी के लिए 24/7 टोल-फ्री एंटी-ट्रैफिकिंग हेल्पलाइन लॉन्च करेंगे। पीड़ितों के लिए एक विशेष सहायता और पुनर्वास कोष का गठन करेंगे, जो उन्हें आर्थिक सहायता, कानूनी समर्थन और आजीविका के अवसर प्रदान करेगा। कृषक सु-नीति' शुरू करेंगे, जिसके तहत धान की खरीद की दर को ?3,100 प्रति क्विंटल तक बढ़ाएंगे। बिना कटनी-छटनी के पूरे वजन का पैसा खरीद के 24 घंटे के भीतर उ्ळळ के माध्यम से भुगतान करेंगे। छोटे और सीमांत किसानों एवं पशुपालकों की भूमि पर ?5,000 प्रति एकड़ ?25,000 तक प्रदान करने के लिए 'कृषि आशीर्वाद योजना' को फिर से शुरू करेंगे। 2030 तक राज्य में सिंचाई क्षेत्र को तीन गुना तक बढ़ाएंगे। सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में एससी/एसटी आरक्षण यथावत रखते हुए अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए 27% आरक्षण के लिए प्रतिबद्ध हैं। साथ ही कानूनी अड़चनों को हटाएंगे।

झारखंड को परिवहन नेटवर्क के सहज एकीकरण के माध्यम से जोड़ेंगे। एक विश्वस्तरीय 'डायमंड क्वॉड्रिलैटरल एक्सप्रेसवे' का निर्माण करेंगे, जो पश्चिमी से पूर्वी झारखंड तक फैलेगा, और पलामू, हजारीबाग, धनबाद और गुमला जैसे प्रमुख क्षेत्रों को जोड़ेगा। 'प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना' के तहत 25,000 किमी मजबूत, सभी मौसमों के लिए अनुकूल सड़कें बनाएंगे, और यह सुनिश्चित 5/8 झारखंड का हर गांव मुख्य मार्ग से जुड़े। राज्य के सभी जिला मुख्यालयों को राजधानी रांची से रेल नेटवर्क द्वारा जोड़ेंगे। देश भर के सभी प्रमुख शहरों में 'झारखंड जोहार भवन' स्थापित करेंगे ताकि राज्य के बाहर रहने वाले झारखंडियों को अन्य राज्यों में सुविधाएँ, सुरक्षा की गारंटी और आपातकालीन समय पर सहायता प्रदान की जा सके। वृद्ध, विधवा और दिव्यांगों के लिए मासिक पेंशन को ?2,500 तक बढ़ाएंगे, जिससे उनकी वित्तीय और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (टरढ) तंत्र के अंतर्गत अरहर और मडुआ को शामिल करेंगे। हर आदिवासी ब्लॉक में प्रसंस्करण और भंडारण केंद्र स्थापित करेंगे, ताकि केंदू पत्ता, महुआ, और मशरूम जैसे वन उत्पादों को मूल्यवर्धन किया जा सके। बड़े आकार के आदिवासी बहुपरकारी समितियों (लैम्प्स) का गठन करेंगे, ताकि उत्पादों के लिए ऋण सहायत, 6/8 और बाजार उपलब्ध करवाए जा सकें। वन-आधारित समुदायों को महुआ, केंदू पत्ते, इमली, साल बीज, और चिरौंजी जैसे प्रमुख वन उत्पादों की खरीद करेंगे।आदिवासी समुदायों को सभी अधिकारों की गारंटी देंगे और उनकी अस्मिता की रक्षा करने के लिए यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रस्तावित समान नागरिक संहिता (वउउ) के दायरे से आदिवासी समुदायों को बाहर रखा जायेगा। ढएरअ (अनुसूचित क्षेत्रों में पंचायत विस्तार) का क्रियान्वयन सुनिश्चित कर मुखियाओं एवं पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाएंगे। वन अधिकार अधिनियम का प्रभावी कार्यान्वयन और वन अधिकार पट्टों का वितरण सुनिश्चित करेंगे। विशेष रूप से आदिवासी और अनुसूचित जाति समुदायों के खिलाफ वन विभाग द्वारा दर्ज छोटे मुकदमों की समीक्षा कर समाप्त करेंगे। पलायन समाप्त करने के लिए झारखंड को कौशल विकास के हब के रूप में विकसित करेंगे 5 लाख युवाओं के लिए ?1 लाख वार्षिक वित्तीय सहायता के साथ 'झारखंड इंटर्नशिप और स्किल ट्रेनिंग' (खक्रळ)' कार्यक्रम शुरू करेंगे। राज्य के सभी मौजूदा क्ळक को हब- एंड-स्पोक मॉडल के माध्यम से उन्नत करेंगे और इनोवेशन हब स्थापित करेंगे। हर प्रमंडल में मिस्त्री और संबंधित कुशल कारीगरों के लिए अत्याधुनिक और उन्नत प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। झारखंड को भारत के शीर्ष पांच पर्यटन अनुकूल राज्य बनाने के लिए प्रमुख देवी मंदिरों को जोड़ते हुए भगवती सर्किट स्थापित करेंगे। 'बाबा वैद्यनाथ एवं बाबा वासुकीनाथ तीर्थक्षेत्र विकास योजना' शुरू करेंगे जिसके अंतर्गत तीर्थयात्रा सुविधाओं में सुधार, श्रावणी मेला को बढ़ावा और साहिबगंज में गंगा नदी के किनारे को सांस्कृतिक केंद्र में बदलना शामिल होगा। महत्वपूर्ण आदिवासी नायकों के स्मारक स्थलों को जोड़ते हुए आदिवासी सर्किट बनाएंगे। झारखंड को 'इको-टूरिज्म राजधानी' बनाएंगे,

उन्नत कृषक और सेवा निवृत्त शिक्षक हुए सम्मानित

200 असहायों को कम्बल वितरण

मेट्रो रेज

चान्हो : प्रखंड के चोरेया गाँव में बुधवार को भूमि सेवा संघ की ओर से एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन मिश्रा परिवार द्वारा किया गया, जिसमें क्षेत्र के उन्नत कृषक नंद किशोर साहू और सेवा निवृत्त शिक्षक मुरलीधर नाथ मिश्रा को शॉल ओढ़ाकर और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

समारोह के दौरान कार्यक्रम स्थल पर 200 बुजुर्ग असहाय लोगों को ठंड से बचने के लिए कम्बल वितरित किए गए। साथ ही, 80 जरूरतमंदों को ट्रैक सूट दिए गए। यह कार्यक्रम नेपाल में निवास करने वाले रमेश मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित किया गया था, जिनकी उदारता की गाँव के लोगों ने सराहना की। गाँव वालों का कहना है कि रमेश मिश्रा जैसे लोग, जो ठंड के मौसम में हर साल गाँव आकर गरीब और असहाय लोगों की मदद करते हैं, वास्तव में प्रशंसनीय कार्य कर रहे हैं और इसके लिए पूरा गाँव और क्षेत्र के लोग उनके आभारी हैं।

रमेश मिश्रा ने घोषणा की कि हर वर्ष की तरह यह सम्मान समारोह और कम्बल-ट्रैक सूट वितरण कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के प्रेस सलाहकार योगेश किसलय, तरंगा की मुखिया पूनम उराइन और चोरेया की मुखिया रेखा सांगा ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर तैलिक संघ के अध्यक्ष डॉ. अनिल साहू, रौनियर समाज के अध्यक्ष दिलीप साहू, तरंगा के सदर और पत्रकार जावेद खान, समाजसेवी बिजय सोनी और साजिद खान को प्रतीक चिन्ह देकर आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मुखिया चक्रधर नाथ मिश्रा, विभाकर मिश्रा, अरविन्द शर्मा, प्रदीप मिश्रा, भोला शंकर मिश्रा, अम्बु मिश्रा, दीपक मिश्रा, निर्भय मिश्रा, संदीप मिश्रा, रामदयाल साहू, असगर खान, नारायण साहू, छेदी साहू, शिवनारायण राम, बिहारी राम, बंशी साहू, अनुज मिश्रा, बिष्णु साहू सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

गाँव में इस प्रकार का आयोजन ठंड के मौसम में समाज के बुजुर्ग और जरूरतमंद लोगों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, जिससे उन्हें सहायता मिलती है। आयोजनकताओं की उदारता और सहयोग की भावना की सभी उपस्थित लोगों ने सराहना की।

मईयां सम्मान योजना के तहत सभी लाभुकों को दिसंबर माह से दिए जाएंगे ढाई हजार रुपए : योगेंद्र प्रसाद महतो

बोकारो /गोमिया : मंगलवार को गोमिया विधानसभा क्षेत्र से इंडिया एलाइंस समर्थित झामुमो प्रत्याशी योगेंद्र प्रसाद महतो ने गोमिया प्रखंड अंतर्गत चतरोचट्टी में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया। उद्घाटन कार्यक्रम से पूर्व प्रखंड के बनचतरा, लोधी, चुट्टे और तीसरी गांव में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने बाइक राइड कर मतदाताओं से मुलाकात की। आगामी 20 तारीख को तीर धनुष छाप पर मतदान करने की अपील की। श्री प्रसाद ने कहा कि पिछले 19 वर्षों से निरंतर 24 घंटे में 18 घंटे आपकी सेवा में तत्पर हूं। भाई, बेटे की तरह सभी के सुख दुख में भागीदारी निभाते आ रहा हूं। समस्याओं के संज्ञान में आते ही त्वरित निदान कराते आया हूं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने महिलाओं को मईया सम्मान योजना के माध्यम से हक, अधिकार और सम्मान दिया है। दिसंबर से इस योजना के तहत 2500 रुपए दिए जाएंगे। सर्वजन पेंशन योजना, 200 यूनिट बिजली फ्री, बकाया बिजली बिल माफ करने का काम कर आप सभी को बड़ी राहत प्रदान करने का काम किया है। 20 नवंबर को अपना वोट सिर्फ तीर धनुष छाप पर देकर गोमिया और राज्य के विकास के मार्ग को प्रशस्त करें। षड्यंत्रकारी भाजपा और आजसू को गोमिया और राज्य से बाहर का रास्ता दिखाएं। ग्रामीणों व समर्थकों ने उक्त चारों स्थानों पर योगेंद्र प्रसाद महतो को फूल माला से लादकर पारंपरिक वाद्य यंत्रों के धुनों के बीच जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया और जीत का आशीर्वाद दिया। ग्राम चुट्टे(तुरी टोला) में योगेंद्र प्रसाद के प्रति आस्था और विश्वास प्रकट करते हुए आजसू और दूसरे दलों के कई समर्थकों ने झामुमो परिवार का दामन थामा। झामुमो में शामिल हुए लोगों को योगेंद्र प्रसाद ने माला पहनाकर स्वागत किया।

न्यूज ब्रीफ

टाटा टी अग्नि लीफ ने छठ पूजा समारोह का किया आयोजन

रांची: बिहार और झारखंड का प्रमुख चाय ब्रांड, टाटा टी अग्नि अपने नवीनतम ब्रांड अभियान के जरिये इस साल बिहार के सांस्कृतिक इतिहास से गहराई से जुड़ी प्राचीन और जटिल कला, सिक्की घास शिल्प को सामने लाकर छठ पूजा मना रहा है। यह प्रचार अभियान, परंपरा तथा कला को जोड़कर क्षेत्रीय गौरव और भावना को जगाने का प्रयास कर रहा है। यह बिहार की संस्कृति के साथ गहरे जुड़ने की कोशिश है। उपभोक्ताओं को बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक झलक देखने का अवसर प्रदान करने के अभियान के अंग के रूप में, टाटा टी अग्नि लीफ ने छठ पूजा उत्सव की शुरूआत का जश्न मनाने के लिए 4 और 5 नवंबर 2024 को पटना के सिटी सेंटर मॉल में 'सिक्की कला महोत्सव' का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण था, सिक्की घास से बने एक शानदार आदमकद इंस्टॉलेशन का अनावरण, जो बिहार के पारंपरिक शिल्प रूप को समर्पित था। बिहार के कारीगरों द्वारा हाथ से तैयार इस भव्य इंस्टॉलेशन में सीमित संस्करण के छठ पूजा उत्सव पैक शामिल थे। चार-पैक श्रृंखला में प्रतीकात्मक तत्वों के माध्यम से छठ पूजा के सार को दर्शाया गया है, जिनमें से हर पैक त्योहार के चार दिन में से एकः नहाय खाय, खरना, संध्या अर्घ्य और उषा अर्घ्य का प्रतिनिधित्व करता है।

रांची कैंसर हॉस्पिटल का पैलिएटिव केयर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

रांची: रांची कैंसर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर (आरसीएचआरसी), टाटा ट्रस्ट के सहयोग से टाटा कैंसर केयर फाउंडेशन द्वारा स्थापित, ने ऑन्कोलॉजी में पैलिएटिव केयर की महत्वपूर्ण भूमिका पर जागरूकता बढ़ाने के लिये एक शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन किया। जीवन के अंतिम चरणों में की जाने वाली देखभाल को श्रेष्ठता का शिखर माना जाता है। यह जीवन की अंतिम अवस्था में समानुभूति तथा गरिमा के लिये निस्वार्थ प्रतिबद्धता की मिसाल है। इसी भावना के साथ आयोजित किये गये कार्यक्रम में कैंसर जैसी गंभीर स्थितियों का सामना कर रहे मरीजों की समानुभूतिपूर्ण एवं व्यापक देखभाल के महत्व पर रोशनी डाली गई। डॉ. राजेन्द्र ए. बाडवे, चीफ एक्जीक्यूटिव, टाटा कैंसर केयर फाउंडेशन और भूतपूर्व निदेशक एवं सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के हेड, टाटा मेमोरियल सेंटर ने कहा, भारत में कैंसर के 70 प्रतिशत से ज्यादा मरीजों में बीमारी का पता एडवांस स्टेज में चल रहा है, इसलिये पैलिएटिव केयर की मांग बढ़ रही है । पैलिएटिव केयर की रणनीतियाँ बनाते समय हमें क्षेत्र एवं स्थानीय समुदाय का ध्यान भी रखना होगा और उसे उपचार के मौजूदा मॉडल के साथ शानदार तरीके से जोड़ना होगा। इससे मरीजों के जीवन की गुणवत्ता पर महत्वपूर्ण प्रभाव होंगे। इससे मरीज की चिंता 40 प्रतिशत तक कम होगी, यदि ऐसा सही समय पर किया जाएगा। शहर और गांव के स्वास्थ्यरक्षा केन्द्रों तथा क्लिनिक्स पर पैलिएटिव केयर को अधिक सुलभ बनाने से ज्यादा लोगों के जीवन की गुणवत्ता बेहतर होगी। डॉ. (कर्नल) मदन मोहन पांडे, मेडिकल डायरेक्टर, आरसीएचआरसी ने कहा, भारत सरकार नेशनल प्रोग्राम फॉर पैलिएटिव केयर (एनपीपीसी) के माध्यम से पैलिएटिव केयर को उन्नत बनाने के लिये प्रतिबद्ध है। लेकिन झारखण्ड में सेवाएं अब भी शुरूआती अवस्थाओं में हैं। आरसीएचआरसी झारखण्ड के उन चुनिंदा कैंसर सेंटर्स में से एक है, जो पैलिएटिव केयर की सेवाओं को उन्नत बनाने और कैंसर के मरीजों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिये प्रतिबद्ध हैं।

सुबोधकांत सहाय ने शारदा सिन्हा के निधन पर जताया शोक

रांची : प्रख्यात लोक गायिका शारदा सिन्हा के निधन पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने शोक व्यक्त करते हुए कहा है कि मैथिली और भोजपुरी के लोकगीत शारदा सिन्हा की आवाज में विगत कई दशकों से काफी लोकप्रिय रहे हैं। शारदा सिन्हा ने मैथिली और भोजपुरी लोकगीतों को अपनी मधुर आवाज देकर अपार लोकप्रियता हासिल की। उनका सुमधुर गायन अविस्मरणीय रहेगा। श्री सहाय ने कहा कि उनका असमय गुजर जाना लोकगीत-संगीत जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। श्री सहाय ने दिवंगत की आत्मा की शांति और उनके परिजनों को संबल प्रदान करने की ईश्वर से कामना की।

छठ व्रतियों के बीच हुआ छठ प्रसाद का वितरण

रांची,श्री राधे कुसुम हारनाथ कृपा निदान संस्था की ओर से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी चटकरपुर चौक के निकट छठ महापर्व की उपासना हेतु छठ प्रसाद सुप,नारियल,केतारी, सिंदूर,अगरबत्ती,आलता, पानपता,मौसमी आदि आदि छठ व्रतियों के बीच का वितरण किया गया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि समाजसेवी भारत कांशी,मंटू वर्मा ,शिव किशोर शर्मा,जितेंद्र कांशी,चटकपुर मुखिया विक्की लोहरा आदि मौजूद थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्यरूप से अजय उरांव,डॉ. मनोज मुंडा,अधिवक्ता दिनेश, कुमार वर्मा,अरविंद कुमार,विनोद शाह,राहुल कुमार,मनोज सिंह, तुलसी वर्मा, वीरेंद्र कुमार, राजा कुमार,अमित प्रसाद, जितेंद्र शर्मा, बबलू पाठक,अरविंद तांती,श्याम साव आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मौके पर समाजसेवी भरत कांशी एवं मंटू वर्मा ने उपस्थित सभी लोगों को छठ पूजा की शुभकामनाएं एवं बधाई दी वहीं शिव किशोर शर्मा ने कहा संस्था के लोगों ने छठ व्रतियों के बीच छठ प्रसाद वितरणकर पुण्यकार्य किया है।

गोड्डा के लालमटिया में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या, पुलिस जांच में जुटी

गोड्डा: जिले के ललमटिया थाना क्षेत्र के डकैता सिदो कान्हू चौक पर अज्ञात अपराधियों ने एक व्यक्ति को गोली मार दी, जिसकी इलाज के लिए ले जाने के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान जॉन हेम्ब्रम के रूप में की गई। जानकारी के अनुसार जॉन हेम्ब्रम अपने परिवार के साथ घर लौट रहा था। इसी दौरान अज्ञात अपराधियों ने तीन राउंड फायरिंग की जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गया। इसके बाद आनन-फानन में उसे देर रात गोड्डा सदर अस्पताल लाया गया। जहां से डॉक्टरों ने उसे भागलपुर मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन भागलपुर ले जाने के दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृतक जॉन हेम्ब्रम ललमटिया के चर्चित व्यक्ति क्लाउड हेम्ब्रम का छोटा भाई है। क्लाउड का राजनीतिक रसूख है। यह परिवार जेएमएम से जुड़ा रहा है, ये लोग कभी लोबिन हेम्ब्रम के करीबी माने जाते थे। जेएमएम के बड़े नेताओं का इनके घर आना-जाना भी रहा है। कुछ लोग इसे पुरानी रंजिश भी बता रहे हैं। तो कई लोग इसे बोरियो विधानसभा के बदलते समीकरण से भी जोड़ रहे हैं। एसडीपीओ महगामा चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि पुलिस इस मामले में सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। घटना के पीछे की असली वजह अभी तक सामने नहीं आई है। जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

चडरी सरना समिति के मुख्य संरक्षक जितेंद्र सिंह ने छठ व्रतियों के बीच किया पूजन सामग्री का वितरण

मेट्रो रेज

रांची : लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर राजधानी रांची के फिरायालाल स्थिति चडरी सरना समिति की ओर से तालाब में पटना से 1 लाख लीटर गंगाजल लाकर डालने के साथ-साथ स्वच्छता का खास ख्याल रखा जा रहा है।

इस मौके पर पूजा समिति के मुख्य संरक्षक जितेंद्र सिंह मौजूद रहे और उन्होंने छठ व्रतियों को सूप, फल के साथ-साथ पूजन सामग्री का वितरण किया और सभी को छठ पूजा की ढेर सारी बधाई और शुभकामनाएं दिया।

इस मौके पर उन्होंने बिहार की प्रसिद्ध लोक गायिका शारदा सिन्हा को भी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि यह सौभाग्य है कि मां शारदा की पुत्री शारदा सिन्हा जो छठ की गायन से ही लोकप्रिय हुई थी, छठ मैया उन्हें अपने पास बुला लिया हम सभी उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं।

उन्होंने बताया कि लगभग 50 सालों से यहां पर पूरे आस्था के साथ पूजा किया जाता है क्योंकि राजधानी रांची का मुख्यतम और सबसे व्यस्ततम इलाका का यह तालाब श्रद्धालुओं के लिए खास ख्याल रखता है।

इस मौके पर मुख्य संरक्षक जितेंद्र सिंह,अध्यक्ष सबलु मुंडा, आफताब आलम, अभय शंकर दयाल, बबलू खान, शम्स तबरेज, सागर भगत, शंकर लिंडा, सुरेंद्र लिंडा, शंकर लिंडा, गुड्डू विश्वकर्मा, आकाश मुंडा, राहुल मुंडा, विकास मुंड उर्फ बाला मौजूद रहे।

छठ महापर्व का खरना आज, व्रती शाम में प्रसाद ग्रहण करेंगी 36 घंटे का निर्जला उपवास

मेट्रो रेज

रांची : चार दिनों तक चलने वाले छठ महापर्व की शुरूवात नहाय-खाय के साथ हो गयी है। छठ के अगले दिन खरना होता है। खरना कार्तिक मास की पंचमी को मनाया जाता है। इसे लोहंडा भी कहा जाता है। इस साल खरना आज यानी 6 नवंबर (बुधवार) को है। खरना का समय शाम 5:29 से 7:48 तक है।

दिनभर व्रत रखकर बनाती हैं खीर प्रसाद : छठ महापर्व में खरना का विशेष महत्व है। इस दिन व्रती दिनभर व्रत रखती है और खरना का प्रसाद बनाती हैं। फिर रात में खीर प्रसाद ग्रहण करती है। इसके बाद छठ पूजा का पारण होने के बाद ही व्रती अन्न-जल ग्रहण करती हैं।

खरना के दिन व्रती तन और मन का करती हैं शुद्धिकरण : खरना का अर्थ होता है शुद्धिकरण। इस दिन एक समय ही भोजन किया जाता है। जिसका मतलब होता है शुद्धिकरण। यह शुद्धिकरण केवल तन का ही नहीं बल्कि मन का भी होता है। इसलिए इस दिन रात में व्रती खीर खाकर छठ के लिए अपने तन और मन को शुद्ध करती हैं। खरना के बाद 36 घंटे का निर्जला व्रत आरंभ होता है। व्रती षष्ठी तिथि को अस्ताचलगामी और अगले दिन उदीयमान सूर्यदेव को अर्घ्य देती हैं। पारण के बाद व्रती का 36 घंटे का उपवास खत्म होता है।

नये चूल्हे और आम की लकड़ी में बनाया जाता है प्रसाद : खरना का प्रसाद नये मिट्टी के चूल्हे पर बनता है। लेकिन बदलते जमाने के साथ गैस चूल्हे का उपयोग भी होने लगा है। प्रसाद बनाने के लिए चूल्हे में आम की लकड़ी का प्रयोग किया जाता है। इसमें दूसरे पेड़ों की लकड़ियों का उपयोग नहीं किया जाता है।

खरना के दिन बनाया जाता है गुड़ का खीर : खरना के दिन खीर, गुड़ तथा चावल का इस्तेमाल कर शुद्ध तरीके से खीर बनाया जाता है। खरना पूजा में खीर के अलावा केला और अन्य चीजें भी रखी जाती हैं। यह अलग-अलग क्षेत्र की परंपरा के मुताबिक होता है। इसके अलावा प्रसाद में रोटी, पूरी, गुड़ की पूरियां और मिठाईयां भी भगवान को चढ़ाया जाता है।

प्रसाद ग्रहण करने के समय नहीं करना चाहिए आवाज : खरना के दिन जब व्रती शाम में पूजा और प्रसाद ग्रहण कर रहे होते हैं तो उस समय घर में पूरी शांति रखी जाती है। क्योंकि माना जाता है कि आवाज होने पर व्रती प्रसाद खाना बंद कर देती हैं। इस दिन घर के सभी सदस्य व्रती के प्रसाद ग्रहण करने के बाद उनसे प्रसाद लेते हैं।

छठ महापर्व चार दिनों का त्योहार : छठ का पर्व चार दिनों का होता है। यह पर्व नहाय खाय से शुरू होता है, दूसरे दिन खरना, तीसरे दिन शाम को अर्घ्य और चौथे दिन सुबह अर्घ्य देकर पारण किया जाता है। इस तरह पारण के साथ छठ महापर्व का समापन होता है।

छठ मनाने घर आ रहे युवक की बेरहमी से हत्या, हत्यारों को ढूंढ़ने में जुटी पुलिस

गिरिडीह: छठ पर्व मनाने घर आ रहे एक युवक की निर्मम हत्या कर दी गई। हत्या मंगलवार की रात से सुबह के बीच की गई है। घटना मुफस्सिल थाना इलाके के हेठलापीठ और सिमरियाधोड़ा के बीच की है। मृतक हेठलापीठ निवासी 30 वर्षीय छोटू दास था। युवक की लाश बुधवार की सुबह मिली। इसके बाद सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जीतवाहन उरांव तथा मुफस्सिल थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर श्याम किशोर महतो मौके पर पहुंचे और पूरी घटना की जानकारी ली।

यहां पर मृतक के घर वालों ने बताया कि छोटू दास अपने ससुराल बेंगाबाद थाना क्षेत्र के पतरोडीह में रहता था। चूंकि छोटू का भाई छठ करता है। ऐसे में छठ पर्व में वह हर वर्ष अपने घर हेठलापीठ आता था। रविवार को वह अपने बच्चों को लेकर घर आया और बच्चों को छोड़कर वापस ससुराल चला गया। उसने कहा था कि मंगलवार की रात को वह महेशमुंडा से ट्रेन पड़कर वापस घर आ जाएगा। मंगलवार को वह ससुराल से निकला लेकिन घर नहीं पहुंचा। बुधवार की सुबह जब छानबीन की गई तो पास के एक स्वास्थ्य केंद्र के पीछे छोटू की लाश मिली। छोटू का गला रेता गया है जबकि उसके शरीर पर भी चाकू से वार के निशान हैं।

हत्या की वजह तलाश रही है पुलिस : मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। इधर पुलिस पता कर रही है कि मंगलवार की रात को वह कैसे गिरिडीह पहुंचा था और उसकी हत्या किन-किन लोगों ने की है। मुफस्सिल इंस्पेक्टर श्याम किशोर महतो का कहना है कि हत्यारे को जल्द ही खोज दिया जाएगा। मृतक का पहले से किसी से दुश्मनी है या नहीं, इसकी पड़ताल की जा रही है। जल्द ही घटना का उद्भेदन हो जाएगा।

पूज्य प्रकाश बने झारखंड सीआईडी के एसपी

रांची : पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत पूज्य प्रकाश को झारखंड सीआईडी का एसपी बनाया गया है। डीजीपी के आदेश के बाद आईजी मानवाधिकार ने यह आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि पदस्थापन के इस प्रस्ताव पर भारत निर्वाचन आयोग की सहमति प्राप्त है। गौरतलब है कि बीते दिनों बोकारो एसपी के पद पर पदस्थापित रहे पूज्य प्रकाश का स्वास्थ्य के कारणों तबादला कर दिया गया था।

झारखंड में गिद्ध की तरह मंडरा रहे भाजपा के कई मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री : हेमंत सोरेन

मेट्रो रेज

चतरा: राज्य के मुख्यमंत्री सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन एक दिवसीय दौरे पर मंगलवार को चतरा जिले के टंडवा पहुंचे. जहां कार्यकताओं ने उनका भव्य तरीके से स्वागत और अभिनंदन किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने टंडवा के इस दौरान मुख्यमंत्री ने टंडवा के पशु मेला मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से झामुमो प्रत्याशी मनोज चंद्रा के पक्ष में प्रचार किया. इस दौरान उन्होंने सरकार की 5 सालों की उपलब्धियां को गिनाते हुए कहा कि राज्य सरकार किसानों के ऋण माफी से लेकर घर के बिजली बिल का माफी और महिलाओं और बेटियों के सम्मान के लिए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि एक तरफ राज्य सरकार झारखंड के गरीब-गुरबा और आदिवासी दलित के लिए लड़ाई लड़ रही है. वहीं दूसरी ओर विपक्ष की भाजपा तरह-तरह के षड्यंत्र को रचकर मुझे और मेरी सरकार को अस्थिर करने के लिए जांच एजेंसियों को आगे लाकर जेल भेजने का काम कर रही है. उन्होंने कहा कि इतने में इनका मन नहीं भरा तो भाजपा के लोग परिवार की लड़ाई करवा रहे हैं। सीएम ने कहा कि भाजपा वाले रोटी, बेटी और माटी की बात करते हैं लेकिन उन्हें भाजपाइयों के गुजरात में एक बेटी के साथ 25 दरिंदों ने सामूहिक दुष्कर्म किया, लोगों को लगा कि सुप्रीम कोर्ट उन आरोपियों को सजा देगी लेकिन चुनाव आते ही वही बलात्कारी चुनाव प्रचार में मिले. मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के लोग नहीं चाहते कि राज्य के आदिवासी और दलित परिवारों को उनका सम्मान और अधिकार मिले इसलिए भाजपा के एक दर्जन मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री झारखंड में गिद्ध की तरह मंडरा रहे हैं. उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जीत की तरह मंडरा रहे भाजपा के नेताओं को तीर चलाकर उनको मार गिरने का काम करें।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
(उत्पाद शाखा)

-: आदेश :-

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखंड, राँची के पत्रांक–01/नि0वि0–22–23(पार्ट)/2020/5578 दिनांक–17.10.2024 एवं संयुक्त आयुक्त उत्पाद, झारखंड, राँची के पत्रांक–1/नीति–05–10/2022–2207 दिनांक– 18.10.2024 के द्वारा दिये गये निदेश के आलोक में 20 बरकठा, 21 बरही, 22 बड़कागाँव, 25 हजारीबाग एवं 24 माण्डु विधानसभा क्षेत्रों में झारखंड विधान सभा आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर हजारीबाग जिलान्तर्गत सभी प्रकार की मदिरा तथा मादक पेय पदार्थों की बिक्री को प्रतिबंधित करते हुए झारखंड उत्पाद अधिनियम, 1915 की धारा 26(1) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए मैं नैन्सी सहाय, भा0प्र0से0, जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, हजारीबाग लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135(ग) के आलोक में आदेश देती हूँ कि उक्त निर्वाचन के अवसर पर मतदान समाप्ति के लिए नियत समय के 48 घंटा पूर्व से लेकर मतदान समाप्ति तक एवं मतगणना के दिन तथा यदि आवश्यक हुआ तो पुर्नमतदान के दिन को सम्पूर्ण हजारीबाग जिला में निम्न प्रकार शुष्क दिवस (Dry Day) घोषित किया जाता है–

मतदान चरण	मतदान / मतगणना की निर्धारित तिथि	शुष्क दिवस	मतदान का क्षेत्र	शुष्क दिवस (ड्राई डे) की अवधि
प्रथम चरण	13.11.2024	सम्पूर्ण हजारीबाग जिला	20–बरकठा, 21–बरही, 22–बड़कागाँव, 25–हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र	दिनांक 11.11.2024 के 5.00 बजे अपराह्न से दिनांक 13.11.2024 के अपराह्न 5.00 बजे तक।
द्वितीय चरण	20.11.2024	सम्पूर्ण हजारीबाग जिला	24–माण्डू	दिनांक 18.11.2024 के 5.00 बजे अपराह्न से दिनांक 20.11.2024 के अपराह्न 5.00 बजे तक।
मतगणना	23.11.2024	सम्पूर्ण हजारीबाग जिला	–	सम्पूर्ण दिन (दि0 23.11.2024)

शुष्क दिवस की उक्त अवधि में हजारीबाग जिले में संचालित होने वाली सभी खुदरा शराब की दुकानें, होटल, बार, सी0एस0डी0 कैन्टीन सहित अन्य सभी उत्पाद अनुज्ञप्ति प्राप्त परिसर पूर्णतः बंद रहेंगे तथा किसी प्रकार के होटल, भोजनालय, पाकशाला, दुकान तथा शराब बेचने या परोसने वाले प्रतिष्ठान में अथवा निजी या सार्वजनिक स्थल पर कोई भी स्प्रिटयुक्त, मादक लिकर या वैसी प्रकृति का कोई अन्य पदार्थ न तो बिक्रय किया जायेगा न परोसा जाएगा और न ही वितरित किया जायेगा।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, हजारीबाग

PR 339872 Election (24-25)_D

सुविचार

इंसान तो घर-घर पैदा होते हैं, लेकिन इंसानियत बस कहीं-कहीं ही जन्म लेती है।

सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट, 2004 से जुड़े एक मामले में मंगलवार को आया सुप्रीम कोर्ट का फैसला न केवल इस कानून की संवैधानिकता की पुष्टि करता है बल्कि यह भी बताता है कि शिक्षा और धर्मनिरपेक्षता जैसे मुद्दों को कितनी बारीकी और संवेदनशीलता के साथ देखा जाना चाहिए। दिलचस्प है कि मार्च 2022 में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इस कानून को मुख्य रूप से इस आधार पर असंवैधानिक करार दिया था कि यह धर्मनिरपेक्षता के खिलाफ है, जो कि संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा है। हाईकोर्ट का यह भी कहना था कि यह कानून UGC एक्ट 1956 के खिलाफ है, जो कि एक संघीय कानून है। सुप्रीम कोर्ट की नजर की बारीकी इस तथ्य में देखी जा सकती है कि उसके ताजा फैसले में इन दोनों तर्कों के औचित्य को मानते हुए उसे लागू करने के तरीकों से जुड़ी गलतियां स्पष्ट की गई हैं। सर्वोच्च अदालत UGC एक्ट से जुड़ी आपत्तियों को ध्यान में रखती है, लेकिन इतनी व्यवस्था करना पर्याप्त समझती है कि मदरसे हायर एजुकेशन से जुड़ी डिग्रियां नहीं दे सकते।

जहां तक धर्मनिरपेक्षता की बात है तो इसमें कोई दो राय नहीं कि यह संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा है। ऐसे में इसके उल्लंघन के किसी भी मामले को अदालतें गंभीरता से लेंगी। दोनों ही अदालतों ने ऐसा किया। अंतर यह है कि सुप्रीम कोर्ट ने किसी कानून की संवैधानिकता को चुनौती देने के लिहाज से धर्मनिरेपक्षता के कथित उल्लंघन को पर्याप्त रूप से ठोस आधार नहीं माना। उसके मुताबिक यह भी देखना होगा कि वह कानून धर्मनिरपेक्षता से जुड़ी संविधान की किस धारा का उल्लंघन करता है। सुप्रीम कोर्ट को इस बात का अहसास था कि इस आदेश का प्रभाव न सिर्फ यूपी बल्कि पूरे देश के अल्पसंख्यक संस्थानों से जुड़े मामलों पर होगा। इसलिए उसने यह साफ करने में कोई कमी नहीं रखी कि अल्पसंख्यक समुदायों को अपने संस्थान चलाने का अधिकार है तो राज्य को भी उन संस्थानों में दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने का अधिकार है। इस संबंध में यूपी सरकार का रुख भी गौर करने लायक है। राज्य सरकार ने स्पष्ट किया कि हाईकोर्ट के फैसले को उसने स्वीकार जरूर कर लिया था, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि वह उसके रुख से सहमत थी। उसने भी सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के रुख से अपनी सहमति दर्ज कराई। कुल मिलाकर देखें तो इस मामले में जहां सेकुलर मूल्यों की अहमियत रेखांकित हुई है, वहीं उन्हें सुनिश्चित करने के तरीकों में बरती जाने वाली सावधानी की जरूरत भी स्पष्ट हुई।

टूटा 12 साल का रिकॉर्ड

न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया को मिली हार ऐसा सदमा है, जिससे उबरने में क्रिकेट फैंस को लंबा वक्त लगेगा। खेल में किसी प्रतिद्वंद्वी को कमजोर नहीं समझा जा सकता, लेकिन तीन मैचों की सीरीज में सारे मैच हारना वाकई अप्रत्याशित है। अब अहम सवाल है कि टीम इस हार से उबरेगी कैसे? अपने घर में 12 बरसों तक अजेय बने रहना छोटी बात नहीं है। लगातार 18 घरेलू सीरीज जीतना ऐसा रेकॉर्ड है, जिसे ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज जैसी टीमें अपने शिखर पर रहते हुए भी हासिल नहीं कर पाई थीं। इसी रेकॉर्ड ने टेस्ट क्रिकेट में भारत को ह्यद लास्ट फ्रंटियरह्न का रुतबा दिया। जाहिर है, जीत का सिलसिला कहीं तो थमना था। क्लाइव लॉयड और स्टीव वॉ जैसे कप्तान भी हारे हैं, लेकिन यह हार इसलिए चुभ रही है, क्योंकि भारतीय टीम अपने ही घर में और अपने ही हथियार, स्पिन बोलिंग से धराशायी हो गई। भारत के स्पिनर्स उस तरह प्रभावी नहीं हो सके, जैसे न्यूजीलैंड के। इक्का-दुक्का को छोड़कर हमारे बैटर्स भी नाकाम रहे। कहा जा रहा है कि टीम इंडिया कंडिशन समझने में विफल रही। तीन टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मैच बेंगलुरु में हुआ था। उस मैच में बादल भरे आसमान के नीचे पहले बैटिंग करने का भारतीय टीम का फैसला गलत साबित हुआ और वहां से मोमेंटम पूरी सीरीज के लिए न्यूजीलैंड के पक्ष में चला गया। लेकिन, कंडिशन पढ़ने में गलती हुई कैसे? पिछले कुछ समय में यह बात कई बार उठ चुकी है कि भारत में चुनिंदा मैदानों पर ही टेस्ट मैच आयोजित किए जाने चाहिए। इससे टीम को पता रहेगा कि मैच कहां होना है और वहां किस तरह की परिस्थितियां मिलेंगी। ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड जैसी टीमें यही करती हैं। देशभर में घूम-घूमकर टेस्ट खेलने से टीम को नुकसान हो रहा। ऐसा लगता है कि भारतीयों से ज्यादा न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों ने माहौल को पढ़ लिया था। जीत तमाम कमियों को छुपा देती है, जबकि हार से हर जख्म खुल जाते हैं। फिलहाल टीम इंडिया के साथ यही मामला है। ऐसा कितनी बार हुआ है, जब लोअर ऑर्डर ने बैटिंग में टीम को संभाला। कई सीनियर तब भी कंसिस्टेंट नहीं थे। इस पूरी सीरीज में वह कमी खुलकर सामने आ गई। सीनियर्स के जिम्मेदारी लिए बिना टीम आगे नहीं बढ़ सकती। टीम इंडिया इस सीरीज में अति-आत्मविश्वास के साथ उतरी थी। परिणाम अप्रत्याशित रहे। अब उसके सामने वह चुनौती है, जिसे सबसे मुश्किल माना जाता है, ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज। भारतीय टीम लगातार तीसरी बार वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बना पाती है या नहीं, यह इस सीरीज से तय होगा। हार की समीक्षा की जानी चाहिए, उपाय भी अपनाए जाने चाहिए, लेकिन हर हाल में इस हार को पीछे छोड़ना होगा। तभी भारतीय टीम भविष्य में और मजबूत होकर सामने आ सकती है।

सूर्य उपासना का पर्व है छठ पूजा

छठ का पौराणिक महत्व अनादिकाल से बना हुआ है। रामायण काल में सीता ने गंगा तट पर छठ पूजा की थी। महाभारत काल में कुंती ने भी सरस्वती नदी के तट पर सूर्य पूजा की थी। इसके परिणाम स्वरूप उन्हें पांडवों जैसे पुत्रों का सुख मिला था। द्रौपदी ने भी हस्तिनापुर से निकल कर गढ़ गंगा में छठ पूजा की थी। छठ पूजा का सम्बंध हठयोग से भी है। जिसमें बिना भोजन ग्रहण किए हुए लगातार पानी में खड़ा रहना पड़ता है। जिससे शरीर के अशुद्ध जीवाणु परास्त हो जाते हैं।

ऊर्जा का सबसे बड़ा स्रोत सूर्य है। इस कारण शास्त्रों में सूर्य को भगवान मानते हैं। सूर्य के बिना कुछ दिन रहने की जरा कल्पना कीजिए। इनका जीवन के लिए इनका रोज उदित होना जरूरी है। कुछ इसी तरह की परिकल्पना के साथ पूर्वोत्तर भारत के लोग छठ महोत्सव के रूप में इनकी आराधना करते हैं। छठ पूजा हिन्दुओं के प्रमुख त्योहारों में से एक है। सामान्यता यह त्योहार बिहार, झारखण्ड और पूर्वी उत्तर-प्रदेश में बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। उत्तर प्रदेश और बिहार में छठ पूजा को महापर्व घोषित कर छठ पूजा के दिन सरकारी छुट्टी भी लागू कर दी गई है।

छठ पूजा का महत्व बहुत ज्यादा है। यह व्रत सूर्य भगवान, उषा, प्रकृति, जल, वायु आदि को समर्पित है। इस व्रत को करने से निःसंतान दंपत्तियों को संतान सुख प्राप्त होता है। छठ पर्व को किसने शुरू किया इसके पीछे कई ऐतिहासिक कहानियां

आरएस धमोरा

प्रचलित हैं। लंका विजय के बाद रामराज्य की स्थापना के दिन कार्तिक शुक्ल षष्ठी को भगवान राम और माता सीता ने उपवास किया और सूर्यदेव की आराधना की थी। सप्तमी को सूर्योदय के समय अनुष्ठान कर सूर्यदेव से आशिर्वाद प्राप्त किया था। इसी के उपलक्ष्य में छठ पूजा की जाती है।

छठ पूजा भगवान सूर्य की उपासना का पर्व है। भारत में सूर्य पूजा की परम्परा वैदिक काल से ही रही है। हिंदुओं के सबसे बड़े पर्व दीपावली को पर्वों की माला माना जाता है। पांच दिन तक चलने वाले ये पर्व छठ पूजा तक चलते है। उत्तर प्रदेश और बिहार में मनाया जाने वाला यह बेहद अहम पर्व है जो पूरे देश में धूमधाम से मनाया जाता है। छठ पूजा केवल पर्व नहीं है बल्कि महापर्व है जो कुल चार दिन तक चलता है। नहाय खाय से लेकर उगते हुए भगवान सूर्य को अर्घ्य देने तक चलने वाले इस पर्व का अपना एक ऐतिहासिक महत्व है।

हमारे देश में सूर्य उपासना के कई प्रसिद्ध

लोकपर्व हैं जो अलग-अलग प्रांतों में अलग-अलग रीति-रिवाजों के साथ मनाए जाते हैं। सूर्य षष्ठी के महत्व को देखते हुए इस पर्व को सूर्य छठ या डाला छठ के नाम से संबोधित किया जाता है। इस पर्व को बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और नेपाल की तराई समेत देश के उन तमाम महानगरों में मनाया जाता है। जहां-जहां इन प्रांतों के लोग निवास करते हैं। यही नहीं, मॉरिशस, त्रिनिडाड, सुमात्रा, जावा समेत विदेशों में भी भारतीय मूल के प्रवासी छठ पर्व को बड़ी आस्था और धूमधाम से मनाते हैं। डूबते सूर्य की विशेष पूजा ही छठ का पर्व है। चढ़ते सूरज को सभी प्रणाम करते हैं।

छठ पर्व की सांस्कृतिक परम्परा में चार दिन का व्रत रखा जाता है। यह व्रत भैया दूज के तीसरे दिन यानि शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से आरंभ हो जाते हैं। व्रत के पहले दिन को नहा-खा कहते हैं। जिसका शाब्दिक अर्थ है स्नान के बाद खाना। इस दिन पवित्र नदी में श्रद्धालु स्नान करते हैं। वैसे तो यह पर्व मूल रूप से गृहिणियों द्वारा मनाया जाता है। लेकिन आजकल पुरुष भी इसमें समान रूप से सहयोग देते हैं।

छठ का पौराणिक महत्व अनादिकाल से बना हुआ है। रामायण काल में सीता ने गंगा तट पर छठ पूजा की थी। महाभारत काल में कुंती ने भी सरस्वती नदी के तट पर सूर्य पूजा की थी। इसके परिणाम स्वरूप उन्हें पांडवों जैसे पुत्रों का सुख मिला था। द्रौपदी ने भी हस्तिनापुर से निकल कर गढ़ गंगा में छठ पूजा की थी। छठ पूजा का सम्बंध हठयोग से भी है। जिसमें बिना भोजन ग्रहण किए हुए लगातार पानी में खड़ा रहना पड़ता है। जिससे शरीर के अशुद्ध जीवाणु परास्त हो जाते हैं।

छठ पर्व की परम्परा में वैज्ञानिक और ज्योतिषीय महत्व भी छिपा हुआ है। षष्ठी तिथि एक विशेष खगोलीय अवसर है। जिस समय धरती के दक्षिणी गोलार्ध में सूर्य रहता है और दक्षिणायन के सूर्य की अल्ट्रावॉइलट किरणें धरती पर सामान्य से अधिक मात्रा में एकत्रित हो जाती हैं। इन दूषित किरणों का सीधा प्रभाव जनसाधारण की आंखों, पेट, त्वचा आदि पर पड़ता है। इस पर्व के पालन से सूर्य प्रकाश की इन पराबैंगनी किरणों से जनसाधारण को हानि न पहुंचे। इस अभिप्राय से सूर्य पूजा का गूढ़ रहस्य छिपा हुआ है। इसके साथ ही घर-परिवार की सुख-समृद्धि और आरोग्यता से भी छठ पूजा का व्रत जुड़ा हुआ है। इस व्रत का मुख्य उद्देश्य पति, पत्नी, पुत्र, पौत्र सहित सभी परिजनों के लिए मंगल कामना से भी जुड़ा हुआ है।

लोक परम्परा के मुताबिक सूर्य देव और छठी मईया का संबंध भाई-बहन का है। इसलिए छठ के मौके पर सूर्य की आराधना फलदायी मानी गई। छठ पूजा अथवा छठ पर्व कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी को मनाया जाता है। छठ से जुड़ी पौराणिक मान्यताओं और लोक गाथाओं पर गौर करें तो पता चलता है कि भारत के आदिकालीन सूर्यवंशी राजाओं का यह मुख्य पर्व था। छठ के साथ स्कंद पूजा की भी परम्परा जुड़ी है। भगवान शिव के तेज से उत्पन्न बालक स्कंद की छह कृतिकाओं ने स्तनपान करा रक्षा की थी। इसी कारण स्कंद के छह मुख हैं और उन्हें कार्तिकेय नाम से पुकारा जाने लगा। कार्तिक से संबंध होने के कारण षष्ठी देवी को स्कंद की पत्नी देवसेना नाम से भी पूजा जाने लगा।

एक मान्यता के अनुसार छठ पर्व की शुरूआत महाभारत काल में हुई थी। जिसकी शुरूआत सबसे पहले सूर्यपुत्र कर्ण ने सूर्य की पूजा करके की थी। कर्ण भगवान सूर्य के परम भक्त थे और वो रोज घंटों कमर तक पानी में खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य देते थे। सूर्य की कृपा से ही वह महान योद्धा बने। आज भी छठ में अर्घ्य दान की यही परंपरा प्रचलित है। छठ पर्व के बारे मे एक कथा और भी है। इस कथा के मुताबिक जब पांडव अपना सारा राजपाट जुए में हार गए तब दौपदी ने छठ व्रत रखा था। इस व्रत से उनकी मनोकामना पूरी हुई थी और पांडवों को अपना राजपाट वापस मिल गया था।

महापर्व छठ हिंदू धर्म में एकमात्र ऐसा पर्व है जिसमें ना केवल उदयाचल सूर्य की पूजा की जाती है बल्कि अस्ताचलगामी सूर्य को भी पूजा जाता है। मान्यता है कि छठ देवी सूर्य देव की बहन हैं और उन्हीं को प्रसन्न करने के लिए भगवान सूर्य की अराधना की जाती है। पर्व का प्रारंभ नहाय-खाय से होता है, जिस दिन व्रती स्नान कर अरवा चावल, चना दाल और कद्दू की सब्जी का भोजन करते हैं। नहाय-खाय के दूसरे दिन यानी कार्तिक शुक्ल पक्ष पंचमी के दिनभर व्रती उपवास कर शाम में रोटी और गुड़ से बनी खीर का प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस पूजा को खरना कहा जाता है। इसके अगले दिन कार्तिक शुक्ल पक्ष षष्ठी तिथि को उपवास रखकर शाम को अस्ताचल गामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। अगले दिन यानी सप्तमी तिथि को सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करके व्रत तोड़ा जाता है।

छठ पूजा के व्रत को जो भी रखता है। वह इन दिनों में जल भी नहीं ग्रहण करता है। इस व्रत को करने से सुख-समृद्धि और सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। इसमें मुख्य रूप से सूर्य देवता की पूजा की जाती है लेकिन सूर्य देव की बहन छठ देवी की भी पूजा की जाती है। जिसके कारण इस पूजा का नाम छठ पूजा पड़ा। इस दिन नदी के तट में पहुंचकर पुरुष और महिलाएं पूजा-पाठ करते हैं। साथ ही छठ माता की पूजा को आपके संतान के लिए भी कल्याणकारी होती है।

यूपी मदरसा एक्ट को 'सुप्रीम' मान्यता

दरअसल, इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने यूपी मदरसा बोर्ड एक्ट को संविधान के मौलिक ढांचे के खिलाफ बताया था। इसके साथ ही 22 मार्च 2024 को इलाहाबाद हाई कोर्ट में जस्टिस विवेक चौधरी और जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार को एक योजना बनाने का भी निर्देश दिया था, ताकि वर्तमान में मदरसों में पढ़ रहे छात्रों को औपचारिक शिक्षा प्रणाली में समायोजित किया जा सके।

यूपी मदरसा एक्ट वैध है या अवैध? सुप्रीम कोर्ट ने इस पर बड़ा फैसला सुनाते हुए अपनी 'सुप्रीम' मान्यता की मुहर लगा दी है और इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के (22 मार्च 2024) फैसले को पलटते हुए यूपी मदरसा एक्ट की संवैधानिकता को बरकरार रखते हुए मान्यता दी है। अब इस निर्णय से दो बातें पूरी तरह साफ हो गईं हैं, एक- यूपी सरकार की तरफ से संचालित मदरसा बोर्ड सही है। दो- मजहबी शिक्षा के नाम पर इस्लामवादी अपना कुछ भी एजेंडा नहीं चला सकते, जिसकी शिकायतें प्रायः अब तक मदरसा संचालन की आड़ में सामने आती रही हैं।

दरअसल, इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ

- डॉ. मयंक चतुर्वेदी

बेंच ने यूपी मदरसा बोर्ड एक्ट को संविधान के मौलिक ढांचे के खिलाफ बताया था। इसके साथ ही 22 मार्च 2024 को इलाहाबाद हाई कोर्ट में जस्टिस विवेक चौधरी और जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार को एक योजना बनाने का भी निर्देश दिया था, ताकि वर्तमान में मदरसों में पढ़ रहे छात्रों को औपचारिक शिक्षा प्रणाली में समायोजित किया जा सके।

अपने इस निर्णय में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मदरसा कानून को पूरी तरह से धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन बताते हुए प्रदेश में चल रहे 13 हजार 364 मदरसों में पढ़ाई करने वाले 12 लाख से अधिक छात्रों को राज्य सरकार द्वारा संचालित मान्यता प्राप्त नियमित स्कूलों में प्रवेश दिलाने का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पैरवी कर रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराजन ने कहा था कि प्रदेश सरकार यूपी मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम 2004 को समाप्त करने के पक्ष में नहीं है। बल्कि सरकार चाहती है कि बोर्ड अधिनियम से उन प्रावधानों को खत्म कर दिया जाए जो उल्लंघनकारी है।

यूपी सरकार इलाहाबाद हाई कोर्ट द्वारा मदरसा बोर्ड को लेकर दिए गए आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची थी। इस दौरान प्रदेश सरकार की ओर पक्ष रख रहे नटराजन ने कहा कि इलाहाबाद हाई कोर्ट को 2004 में बने मदरसा अधिनियम को पूरी तरह से असंवैधानिक घोषित नहीं करना चाहिए था।

यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में कहा था कि यूपी मदरसा बोर्ड के जरिए दी जाने वाली कामिल और फाजिल डिग्री न यूनिवर्सिटी की डिग्री के समकक्ष है और न ही बोर्ड की ओर से पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रमों के समकक्ष है। इस स्थिति में मदरसे के छात्र उन्हीं नौकरियों के लिए योग्य हो सकते हैं, जिनके लिए हाई स्कूल/इंटरमीडिएट योग्यता की जरूरत होती है। पूरे मामले पर सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगाते हुए फैसला 22 अक्टूबर सुरक्षित रख लिया था, जिसे आज सुनाया गया है। अपना फैसला सुरक्षित रखते वक़्त उच्चतम न्यायालय ने कहा भी कि राज्य सरकार की मंशा मदरसों को मुख्यधारा में लाने की है। अगर ऐसा नहीं होता तो इन संस्थाओं में गणित, विज्ञान जैसे विषय नहीं पढ़ाए जाते। फिर आज सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली सुप्रीम कोर्ट की तीन जस्टिस की बेंच ने अपने निर्णय में कहा है कि 'किसी भी छात्र को धार्मिक शिक्षा के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है।' सुप्रीम कोर्ट साफ कहा है कि राज्य सरकार शिक्षा को नियमित करने के लिए कानून बना सकती है। इसमें सिलेबस, छात्रों का स्वास्थ्य जैसे कई पहलू शामिल हैं।यहाँ सुप्रीम कोर्ट की कही इस बात पर भी गंभीरता से गौर करना चाहिए कि मदरसा मजहबी शिक्षा भी देते हैं, लेकिन उनका मुख्य उद्देश्य शिक्षा ही होना चाहिए। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि किसी भी छात्र को धार्मिक शिक्षा के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है, इसलिए किसी को भी धार्मिक शिक्षा लिए जाने के लिए बाध्य ना किया जाए। उच्चतम न्यायालय ने अपने इस निर्णय में एक जो बड़ा कार्य किया है वह है मदरसा बोर्ड की डिग्रियों को असंवैधानिक करार कर देना।

यूपी मदरसा एक्ट को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एक्ट में मदरसा बोर्ड को फाजिल, कामिल जैसी डिग्री देने का अधिकार दिया गया है, यह अपनी जगह ठीक हो सकता है लेकिन विश?वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) एक्ट के खिलाफ है। इसे हटा देना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की तीन जस्टिस की बेंच ने कहा है कि डिग्री देना असंवैधानिक है, बाकी एक्ट संवैधानिक है। सीजेआई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने अपने फैसले में यह साफ कह दिया है कि बोर्ड सरकार की सहमति से ऐसी व्यवस्था बनाए, जहां मदरसा के धार्मिक चरित्र को प्रभावित किए बिना सेक्युलर शिक्षा दी जा सके। यानी उच्चतम न्यायालय का निर्णय साफ है कि मदरसे, भविष्य में मदरसा बोर्ड से चलेंगे जरूर लेकिन वह ऐसी कोई शिक्षा नहीं देंगे जो कि मजहबीकरण के नाम पर देश विरोध, गैर मुसलमानों के प्रति असंवेदनशील बना देने जैसी बच्चों की मानसिकता को तैयार करने का काम करती है। सुप्रीम कोर्ट का यहां कहना सही है कि सेकुलर शिक्षा, पंथ निरपेक्ष शिक्षा, धर्म निरपेक्ष शिक्षा मदरसों में कैसे दी जाए यह व्यवस्था बनाना, उसको देखना और उसे विधिवत संचालित करना, करवाना राज्य सरकार का काम है और इस कार्य को राज्य सरकार को करना ही होगा।

ध्यान से समाधि की ओर तभी चलेंगे, जब द्वंद्वमुक्त होंगे

धर्म-अध्यात्म

योगसूत्र में कहा गया है कि चित्तवृतियों अथवा मन पर नियंत्रण ही योग है। योग के आठ अंग हैं- यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि। चिकित्सा-पद्धति के रूप में या फिर शरीर और मन के रूपांतरण के लिए योग के इन सभी आठों अंगों का अभ्यास करना अनिवार्य है। योग में शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार के अभ्यास सम्मिलित होते हैं। सवाल है कि शारीरिक अभ्यास क्रम महत्वपूर्ण है या मानसिक अभ्यास क्रम?

हमारा शरीर और व्यक्तित्व वास्तव में हमारी भाव प्रक्रिया से ही बनता है। जैसा हम लगातार चिंतन करते हैं, जो कुछ भी हम सोचते रहते हैं, हम वैसे ही हो जाते हैं। इसलिए हमारी विचार प्रक्रिया का सीधा असर हमारे स्वास्थ्य या फिर रोग पर भी पड़ता है। यही विचार प्रक्रिया रोग के उपचार में भी सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यहां मन महत्वपूर्ण हो जाता है। जैसा या जो भी हम चाहते हैं वह मन-मस्तिष्क की एक खास अवस्था (अल्फा) में ही पूरा होता है। अब प्रश्न उठता है कि अगर सारा खेल मन का ही है तो फिर आसन और प्राणायाम की हमें जरूरत ही क्या है? वास्तव में भौतिक शरीर की जड़ता को खत्म करके उसे मन से जोड़ने और उसके बाद मन को अपेक्षित दशा अर्थात अल्फा अवस्था में ले जाने के लिए योगासन और प्राणायाम का अभ्यास अनिवार्य है।

जब हम योग-साधना करते हैं तो कोई न कोई भाव तो हमारे मन में व्याप्त होता ही है। मन के कई स्तर हैं। चेतन या जाग्रत अवस्था में भी भाव तो होता है लेकिन वह वास्तविकता में नहीं बदलता, क्योंकि एकाग्रता और ध्यान के बिना यह असंभव है। एकाग्रता और ध्यान से हम अपेक्षित अल्फा लेवल में पहुंच जाते हैं या यूं कहें कि अल्फा लेवल में पहुंच कर ही हम एकाग्रता और ध्यान की अवस्था में पहुंच सकते है। अल्फा लेवल कहिए या ध्यान की अवस्था, इसी में मन हमारे भावों को वास्तविकता में बदलने में सक्षम होता है। अगर हमारा शरीर स्वस्थ है और मन अपेक्षाकृत कम चंचल है तो शरीर को सही आसन में रखकर दो-चार गहरी सांस लेने पर ही हम अल्फा अवस्था में पहुंच जाएंगे और फिर इस अवस्था में पहुंचकर हम जैसा भी विचार करेंगे, जो भी सोचना शुरू करेंगे, वही भौतिक जगत में वास्तविकता ग्रहण करने लगेगा। लेकिन अगर हम यह सब ध्यानावस्था के बगैर दोहरा रहे हैं कि मैं स्वस्थ अथवा रोगमुक्त हूं तो उस अवस्था में हमारे विचार, संकल्प या फिर स्वीकारोक्ति के विरोधी विचार भी उठने लगते हैं। ध्यान या एकाग्रता की अवस्था में ही किसी मनचाहे विचार को अक्षुण्ण रखा जा सकता है। द्वंद्व से भी यहीं आकर मुक्ति संभव है। द्वंद्वातीत अवस्था ही उपचार की आदर्श अवस्था है और द्वंद्वातीत अवस्था के लिए मन की गहराई में उतरना या अल्फा लेवल में पहुंचना अनिवार्य है। यही वह अवस्था है जहां हम रोग को निर्मूल कर सकते हैं या रोग की पीड़ा से मुक्त हो सकते हैं। सुख-दुख, लाभ-हानि, आय-व्यय, राग-द्वेष, मान-अपमान से ऊपर उठकर हमारा मन समता में स्थित हो, यह इसी अवस्था में संभव है। यहीं ध्यान से समाधि की ओर अग्रसर होने का मार्ग प्रशस्त होता है। इसी में योग की पूर्णता है।

टिप्स

क्या आप जानते हैं तुलसी के पौधे से जुड़े ये वास्तु टिप्स

सनातन धर्म में तुलसी का पौधा बेहद पूजनीय होता है। मान्यता के अनुसार, घर में तुलसी का पौधा रखने से घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है। घर से नकारात्मक एनर्जी दूर होती और जीवन में धन, सुख-समृद्धि और खुशहाली आती है। इसके साथ ही कार्तिक माह में घर में तुलसी का पौधा लगाना और उसकी पूजा करने शुभ फलदायी होता है। हालांकि, जब भी आप अपने घर में तुलसी का पौधा लगाते हैं तो कुछ बातों का ध्यान रखना जरुरी है। आइए जानते हैं तुलसी से जुड़े वास्तु टिप्स।

तुलसी के पौधे से जुड़े वास्तु टिप्स

- वास्तु के मुताबिक, तुलसी का पौधा उत्तर-पूर्व दिशा में लगाना अति शुभ माना गया है। इसके अलावा, दक्षिण दिशा में तुलसी का पौधा नहीं लगाएं। यह जीवन में नकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करता है।
- तुलसी के पौधे के पास डस्टबिन, शूज और झाड़ू रखना नहीं चाहिए।
- आप चाहे तो तुलसी के पौधे को फूलों के पौधों के पास रख सकते हैं, लेकिन इसे कैक्टस के पास न रखें। वरना घर की नेगेटिविटी को बढ़ा देता है।
- घर में विषम संख्या में 1, 3 या 5 तुलसी का पौधा लगाना शुभ माना जाता है। वहीं, सम संख्या में 2, 4 या 6 तुलसी के पौधे नहीं लगाना चाहिए।
- तुलसी का पौधा सदैव ऊंचा स्थान पर रखें।
- तुलसी के सुखे पौधे को घर पर कभी भी न रखें। इसको आपको जल्द ही घर से हटा दें। इसके जगह नया पौधा लगा दें।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची, (झारखंड) से मुद्रित।
प्रधान संपादक : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
email : metrorays.ranchi@gmail.com

न्यूज IN ब्रीफ

अवैध विदेशी शराब बीयर की बोतलें बरामद

साहिबगंज : जिरवाबाड़ी थाना अंतर्गत पंचगढ़, धाताटोली निवासी अशोक मुंडा के घर से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर अलग- अलग ब्रांड के अंग्रेजी शराब और बीयर की बोतलें जब्त की हैं। अवैध शराब बिक्री का मास्टर माइंड बड़ा पंचगढ़ निवासी सूरज साव बताया जाता है। सूरज साव अशोक मुंडा के घर को किराया पर लेकर अवैध शराब की बिक्री करता था। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस शराब जब्त कर अग्रतर कार्रवाई कर रही है।

पति ने पत्नी को चाकू से किया घायल

साहिबगंज : नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत रसूलपुर दहला मोहल्ले में शराबी पति ने अपनी ही पत्नी पर नशे में आकर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। इधर घायल महिला का इलाज सदर अस्पताल में किया गया। घायल नजराना खातून ने बताया कि उसके पति नौशाद आलम ने नशे में खाना मांगने लगा। बनाने की बात पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर फरार हो गया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

जीतने के बाद यहां की समस्याओं को करेंगे दूर : सुनील यादव

साहिबगंज : राजमहल विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार सुनील यादव ने मंगलवार को हाजीपुर दियारा, हाजीपुर भिट्ठा,राजगांव,डिहारी, पटवरटोला भोलियाटोला,समेत कई अन्य गांवो में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से वोट देने की अपील की।उन्होंने बताया कि हाजीपुर बूथ संख्या 1 से लेकर 7 तक के भ्रमण के दौरान कई समस्या से लोगों ने अवगत कराया।बूथ संख्या 4 व 5 में पेयजल की समस्या है। पिछले 10 सालों में लोगों का समस्या क्यों दूर नहीं हुआ।श्री यादव ने कहा जीतने के बाद वे यहां की समस्या चाहे जैसे भी हो दूर करेंगे।कहा कि फोरलेन सड़क निर्माण में कई गांव को उजाड़ा जा रहा है।जो सरासर नाइंसाफी है।जबकि उत्तर व दक्षिण भाग में जमीन मौजूद है।कहा कि उनका सहयोग ग्रामीणों के साथ है।इस जनसंपर्क अभियान में निर्दलीय प्रत्याशी सुनील यादव के समर्थन के साथ कहीं ग्रामीण मौजूद थे।

डीसी ने आसमान में लहराया हॉट एयर गुब्बारा, लोगो से मतदान करने की अपील

बोकारो : आगामी 20 नवंबर 2024 को जिला अंतर्गत सभी विधानसभा क्षेत्रों (34 गोमिया, 35 बेरमो, 36 बोकारो एवं 37 चंदनकियारी) में मतदान होना है। जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर सिस्टेमेटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन (स्वीप) कोषांग द्वारा लगातार विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को समाहरणालय परिसर से जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) विजया जाधव, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, स्वीप को नोडल पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता/ शक्ति कुमार, मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि द्वारा हाट एयर गुब्बारा आसमान में उड़ाया गया। लगभग 70 मीटर ऊंचाई से यह गुब्बारा आम से खास को मतदान के लिए प्रेरित करेगा। हॉट एयर गुब्बारा में मतदाता जागरूकता के स्लोगन लिखे गए हैं और मतदान की तरीख (20 नवंबर 2024) का उल्लेख किया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव ने इस हॉट एयर गुब्बारा को उड़ाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया है। इस दौरान मौजूद लोगों को मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने और अपने घर परिवार के सदस्यों/आस झ पड़ोस के लोगों को मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने के लिए जागरूक करने की बात कहीं। उधर, अनुमंडल कार्यालय चास परिसर में भी निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी सुश्री प्रांजल ढ़ांडा, निवार्ची पदाधिकारी सह डीसीएलआर चास प्रभाष दत्ता व अन्य पदाधिकारियों द्वारा मतदाता जागरूकता से संबंधित हॉट एयर गुब्बारा आसमान में उड़ाया गया।

उत्पाद विभाग ने छापेमारी कर महुआ शराब किया जब्त

बोकारो : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में जिला उत्पाद टीम ने पेटरवार थाना अंतर्गत चांदो एवं जरीडीह थाना अंतर्गत चिमनागोडा में अवैध शराब निर्माण स्थल पर छापेमारी की। मौके से उत्पाद टीम ने 4,000 केजी जावा महुआ शराब एवं 150 लीटर तैयार महुआ शराब को जब्त किया। वहीं, अवैध शराब निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले वस्तुओं को नष्ट किया। छापेमारी के क्रम में संलिप्त अभियुक्तों पर उत्पाद अधिनियम की सूसंगत धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया जा रहा है। छापेमारी दल में निरीक्षक उत्पाद सदर-सह-बेरमो क्षेत्र विजय कुमार पाल, अवर निरीक्षक सदर-सह-तेनुघाट सन्नी विवेक तिर्की, अवर निरीक्षक बेरमो-सह-चंदपुरा महेश दास उपस्थित थे।जानकारी हो कि, विधानसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर बोकारो जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त बोकारो ने सहायक आयुक्त उत्पाद को लगातार अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

रामगढ़ में थाने से गाड़ी चोरी कर भाग रहे बदमाश ने चार ग्रामीणों को रौंदा

रामगढ़। जिसे के रजप्पा थाना परिसर से बोलेरो चोरी कर भाग रहे बदमाश ने सोहराय मना रहे चार ग्रामीणों को रौंद दिया। रामगढ़ जिले के गोला थाना क्षेत्र के पिपरा जारा गांव में सोमवार की मध्य रात्रि हुए इस हादसे के बाद पूरे इलाके में मातम पसर गया। इस हादसे में चार लोगों की मौत हुई है। इनमें एक पुरुष और तीन महिलाएं हैं। उग्र ग्रामीणों ने बोलेरो चला रहे आरोपित को पकड़ लिया और उसकी जमकर धुनाई कर दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उसने उसे ग्रामीणों से बचाकर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है।

इस संबंध में गोला थाना प्रभारी अभिषेक प्रताप ने बताया कि पिपरा जारा गांव में सड़क के किनारे सोहराय पर्व मनाया जा रहा था। इसी दौरान रजरप्पा की तरफ से काफी तेज गति से आ रहे है बोलेरो ने भीड़ में शामिल लोगों को टक्कर मारी। इस हादसे में एक पुरुष और तीन महिलाओं की मौत हो गई। उग्र ग्रामीण मुआवजे की मांग को लेकर अड़े हुए हैं। ग्रामीणों के द्वारा प्रदर्शन किया जा रहा है। साथ ही इस हादसे को अंजाम देने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग रखी गई है।

पारटांड गांव में मनाई गई चौथी पुण्यतिथी, याद किए गए राजेंद्र महतो

मेट्रो रेज

बोकारो : झारखंड /वनांचल आंदोलनकारी स्वर्गीय राजेंद्र महतो की चौथी पुण्यतिथि उनके पैतृक गांव पारटांड में निमार्णाधीन स्मृति भवन में मनाई गई। मौके पर बोकारो झारखंड के आसपास के सुदूर ग्रामीण इलाकों से उनके शुभचिंतक मौजूद रहे। धनबाद सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि वह संघर्षशील दबे कुचले लोगो की आवाज थे उनके नहीं रहने पर अपूरणीय क्षति है आज उनकी प्रतिमा तो उनके स्मृति भवन में बनेगी साथ ही साथ उनकी आदम का प्रतिमा नेशनल हाईवे पर भी लगनी चाहिए ताकि उनकी प्रेरणा सबको मिले,निवर्तमान माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष ने कहा उनका पुत्र विक्रम महतो भी यशस्वी, संघर्षील उनके अधूरे सपनों को पूरा करने की छवि उन पर झलकती है और मुझे कहने में तनिक भी संकोच नहीं है वह कर भी रहा और दिख भी रहा और सफलता तभी है जब वह अपने नाम से जाना जाए ना कि पिता के नाम उनको बहुत सारी शुभकामनाएं श्रद्धांजलि सभा में मौजूद है,उनके परिवार के साथ में खड़ा हूं जब भी याद किया जाएगा मैं मौजूद रहूंगा ऐसा विश्वास दिलाता हूं। पूर्व बेरमो विधायक योगेश्वर महतो बाटुल ने कहा कि वह राजनीतिक और सामाजिक दोनों क्षेत्रों में कंधे से कंधे मिलाकर चलते थे, झारखंड प्रजापति (कुम्हार)महासंघ के वह प्रदेश अध्यक्ष रहे और कई दायित्व में काम करते हुए अपनी अटल इरादे के साथ कार्य करते रहे झारखंड माटी कला बोर्ड के की निवर्तमान सदस्य ईश्वर चंद्र प्रजापति ने कहा कि मैं उनके साथ सामाजिक जीवन में पूरे करने का प्रयास कर रहा है ,सभी ने नमन आंखों से उन्हें याद करते हुए राजेंद्र महतो अमर रहे आंदोलनकारी अमर रहे ऐसा नारा देते हुए उनको भावभीनी श्रद्धांजलि दिया गया इस कार्यक्रम में विभिन्न राजनीतिक क्षेत्र सामाजिक क्षेत्र के कार्यकर्ता गण मौजूद रहे उनके ज्येष्ठ पुत्र विक्रम महतो ने कहा कि सभी का आभार व्यक्त करता हूं कि बाबूजी के साथ जो काम करते थे आज उनके साथ काम कर रहा हूं यह मेरे लिए बड़ी सौभाग्य की बात है बस आप सबों का आशीर्वाद और मार्गदर्शन इसी तरह मिलते रहे तभी उनके सपनों को मैं पूरा कर सकता हूं इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कई तरह की बातों को रखते हुए सभी ने अपने विचार दिए और यह कहा कि हमें सब मिलकर काम करना होगा और संगठित होकर वह जैसे काम करते थे तभी एक सशक्त राज्य बना पाएंगे और क्षेत्र का विकास के लिए खासकर झारखंड आंदोलनकारी के लिए रणनीति तैयार करनी होगी तभी उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि मिलेगी इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बोकारो विधायक सह विरोधी दल के नेता बिरची नारायण,पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा रोहित लाल सिंह,मधुसूदन सिंह, बोकारो विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी श्वेता सिंह,झारखंड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष देवनारायण प्रजापति , जिला अध्यक्ष शेखर प्रजापति,महामंत्री जीवन जगन्नाथ, हीरालाल प्रजापति दीनबंधु महतो, भाजपा नेता विक्रम पांडे,झामुमो के किरण बाउरी,करमचंद गोप,मनभूल सिंह, राजदेव माहथा ,संतोष सिंह ,भूतनाथ माहथा, हावू लाल गोराई,अभय कुमार मुन्ना,अशोक जगनी,प्रदीप सिंह,डॉ रतन केजरीवाल, डॉ केपी सिंह ओ पी सिन्हा, गोपाल विभूति महतो, मधुसूदन सिंह, पंकज राय शंकर रजक,मंजू देवी,शिबू बाउरी,गणेश दत्त, विश्वनाथ दत्त,रोहित महतो, श्रवण कुमार, जदयू नेता प्रदीप महतो,डॉ दुलाल हालदार, अजीत सिंह उदय चंद्र प्रसाद डीके त्रिवेदी साधन मंडल गौरी शंकार आतिश कुमार दिनेश नाइक दिनेश गोप राजगिरी गुप्ता मिठू लाल सरकार सत्य नारायण मोदक जय लक्ष्मण कृष्णा तिवारी विनोद घोषाल सभी ही साथ युवा साथी प्रभात, टिंकू, संजय,आरव विराट, क्रिस,उमंग सूरज, आयुष, राजीव रोहित, समस्त ग्रामवासी इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मौजूद रहे।

छठ पर्व को लेकर ट्रैफिक में बदलाव, बड़ी वाहनों का परिचालन पूर्णतः रहेगा बंद

बोकारो : छठ पर्व के अवसर पर शहर के मुख्य घाट सोलागीडीह तालाब, गरगा पुल, गरगा डैम, सिटी पार्क, जगन्नाथ मंदिर आदि स्थानों पर दिनांक 07.11.2024 के अपराह्न में अस्ताचलगामी तथा दिनांक 08.11.2024 को सुबह उदियमान सूर्य की पूजा-अर्चना एवं अर्घ्य दिया जायेगा। इस अवसर पर दिनांक 07.11.2024 को 14:00 बजे से 20:00 बजे तक तथा 08.11.2024 को सुबह 03 बजे से 09 बजे तक सभी बड़ी वाहनों का परिचालन पूर्णतः बंद रहेगा। इस अवसर पर दिनाकं 07.11.2024 को 14:00 बजे से 20:00 बजे तक तथा 08.11.2024 को सुबह 03 बजे से 09 बजे तक सभी बड़ी वाहनों का प्रवेश तेलमच्चो मोड़ से आइ०टी०आइ० मोड़ की ओर तथा आइ०टी०आइ० मोड़ से जोधाडीह मोड़ एवं जोधाडीह मोड़ से महावीर चौक होकर धर्मशाला मोड़ चास की ओर तथा नयामोड़ से गरगा पुल एवं बालीडीह से नयामोड़ की तरफ आनेवाली सभी बड़ी वाहनों का परिचालन पूर्णतः बंद रहेगा। इसके अतिरिक्त सभी थाना प्रभारी अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़नेवाले सभी छठ घाटों के पहुँच पथ में बड़ी वाहनों का परिचालन अर्घ्य के समय बंद करना सुनिश्चित करेंगे। इस बाबत अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा एवं ट्रैफिक डीएसपी बोकारो ने संयुक्त आदेश जारी किया है।

पोस्टल बैलट से 102 मतदाताओं ने किया मताधिकार का प्रयोग

मेट्रो रेज

साहिबगंज : विधानसभा आम चुनाव 2024 अंतर्गत 15 जिला के 43 विधानसभा क्षेत्र में पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान आज से प्रारंभ हुआ।साहिबगंज जिला में दूसरे जिला के वैसे कर्मचारी जो साहेबगंज में निर्वाचन कार्य में लगे हैं, वे दिनांक 05 नवम्बर प्रथम दिन पोस्टल बैलेट से अपने मताधिकार का प्रयोग किया।समाहरणालय परिसर दक्षिणी भाग साहिबगंज 22- बड़कागाँव के लिए 05 मतदान हुए,51- सरायकेला के लिए 06 मतदान हुए। 57खरसवां के लिए 02 मतदान हुए।50- इच्छागढ़ के लिए 01 मतदान हुए।पुलिस लाईन पू० भाग साहिबगंज ,75-पाँकी के लिए 01, मतदान हुए 76 डालटेनगंज के लिए 05 मतदान हुए,77 विश्रामपुर के लिए 08 मतदान हुए, 78छतरपुर के लिए 06 मतदान हुए,79 हुसैनाबाद के लिए 08 मतदान हुए।पुलिस लाईन प० भाग साहिबगंज,53मंझगॉव के लिए 01 मतदान हुए,55मनोहरपुर के लिए 02 मतदान हुए। 56चक्रधरपुर के लिए 04 मतदान हुए,मनोरंजन भवन, कमाण्डेन्ट ऑफिस, जेएपी 9 अवस्थित भवन, साहिबगंज,80गढ़या के लिए 02 मतदान हुए, 73 मनिका के लिए 02 मतदान हुए,74लातेहार के लिए 03 मतदान हुए, जिला पंचायत कार्यालय, साहेबगंज 70सिमडेगा के लिए 02 मतदान हुए, 71कोलेबीरा के लिए 01 मतदान हुए,26-सिमरिया के लिए 03 मतदान हुए, 27-चतरा के लिए 01 मतदान हुए। सिद्धो कान्हू सभागार परिसर उत्तरी भाग साहिबगंज 45घाटशिला के लिए 03 मतदान हुए,46पोटका के लिए 03 मतदान हुए,47जुगसलाई के लिए 01 मतदान हुए,48जमशेदपुर पूर्वी के लिए 01 मतदान हुए,49जमशेदपुर पश्चिम लिए 01 मतदान हुए, सिद्धो कान्हू सभागार परिसर दक्षिणी भाग साहिबगंज 59तोरपा के लिए 01 मतदान हुए,60खूंटी के लिए 03 मतदान हुए,67सिसई लिए 02 मतदान हुए, 68 गुमला के लिए 01 मतदान हुए,69विशुनपुर के लिए 01 मतदान हुए।विकास भवन साहिबगंज 21बरही के लिए 02 मतदान हुए, 25हजारीबाग के लिए 09 मतदान हुए,19कोडरमा के लिए 04 मतदान हुए। पोलिंग वोटिंग सेंटर पीभीसी वहीं मतदाताओं के लिए दुसरे जिले से प्राप्त पोस्टल बैलेट के लिए कंट्रोल रूम गेट के पास अवस्थित भवन में पोलिंग वोटिंग सेंटर पीभीसी केंद्र में 78छतरपुर के लिए 01 मतदान हुए। 77 विश्रामपुर के लिए 01मतदान, 20बरकट्ठा के लिए 01 मतदान , 67 सिसई के लिए 01 मतदान, 26 सिमरिया के लिए 01 मतदान,69बिशनपुर के लिए 01 मतदान और 21बरही के लिए 01 मतदान हुए।

झारखंड मजदूर संघ का केंद्रीय अधिवेशन 21 दिसंबर को बाकुडी में

मेट्रो रेज

साहिबगंज/बाकुडी/तालझारी: झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक की बैठक जिला अध्यक्ष मिथुन कुमार यादव के अध्यक्षता में केंद्रीय कार्यालय बाकुडी में सम्पन्न हुई।बैठक में विगत दिनों से चल रही सदस्यता अभियान की समीक्षा की गई।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद संगठन के केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने कहा संगठन के कार्यों की समीक्षा और बिगत दिनों 21 सितंबर से लेकर 21 अक्टूबर तक सदस्यता अभियान की विधानसभा वार समीक्षा की गई।समीक्षा के दौरान राजमहल, बोरियो और बरहेट विधानसभा में नए सदस्य की समीक्षा की गई।जिसमें राजमहल विधानसभा में 200 बोरियो 50 और 60 बरहेट विधानसभा मिलाकर कुल 310 सदस्य को जोड़ा गया।इस कार्य के लिए संगठन की ओर से सभी कार्यकर्ता को धन्यवाद दिया गया।केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने कहा कि झारखंड मजदूर संघ (प्रजा०)एक गैर राजनीतिक दल है सभी सदस्य स्वतंत्र हैं और प्रत्येक विधानसभा के नेता को चुने और 20 नवंबर को होने वाली मतदान में हिस्सा लेकर मत का प्रयोग करें और मन पसंद नेतृत्व चुनने का अधिकार है।वही श्री यादव ने कहा कि झारखंड मजदूर संघ (प्रजा०) का कार्यकाल 3 वर्ष हो गया है केंद्रीय संगठन चुनाव को लेकर आगामी 21 दिसंबर 2024 को केंद्रीय अधिवेशन बाकुडी रेलवे मैदान में आयोजित की जायेगी।वही जिला अध्यक्ष मिथुन कुमार यादव ने बताया कि 27 नवंबर से पुन सदस्यता अभियान शुरू किया जाएगा जो अधिवेशन तक चलेगी। बैठक में अजय रजक अंबिका घोष,मोहन मंडल, सुबोध दास, विश्वजीत मंडल, मिथुन घोष, गुलाब चंद्र रविदास, संजय रविदास, लखीराम बास्की, फूल कुमारी देवी,अशोक घोष, विनोद कुमार पंडित,शंभू पंडित, कार्तिक राय,विनय इत्यादि मौजूद थे।

सीबीआई की औचक छापेमारी से पत्थर कारोबारियों में मचा हड़कंप दिनभर चली छापेमारी

साहिबगंज में आठ स्थानों में एक साथ हुई छापेमारी

मेट्रो रेज

साहिबगंज/बरहरवा : झारखंड में पिछले कई महीनों से केंद्रीय एजेंसियों की औचक छापेमारी और कार्यवाही सियासी गलियारों में घमसान तो छेड़ रखी थी। परन्तु व्यव्सायी वर्ग के लोगों में भी हड़कम्प का माहौल बना हुआ है,एक तरफ ईडी की छापेमारी हजारों करोड़ो के घोटालों का खुलाशा पैसों की बरामदगी और फिर कई गिरफ्तारियां एक ऐतिहासिक कहानियाँ बयाँ कर चुकी है,वहीं झारखंड में वर्तमान समय चुनावी दंगल का है जिसमें पक्ष और विपक्ष आम लोगों को बिकास कार्यों की गिनती करवाती नजर आ रही है तो दूसरी ओर आरोप और प्रत्यारोप चुनावी संघर्ष जारी है।इसी बीच मंगलवार को सीबीआई की पाँच सदस्य टीम एक बोलेरो वाहन संख्या हइ 66 ऋ6388 से बरहरवा थाना क्षेत्र के मुनिया होटल के समीप पत्थर व्यव्सायी कृष्णा साहा के आवास पर पहुचें और औचक छापेमारी की सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सीबीआई की टीम व्यव्सायी के आवास स्थित कार्यालय में विभिन्न दस्तावेजों की गहन जाँच पड़ताल की तत्पश्चात केकेएस कम्पनी के माइंस में अन्य कार्यालयों में जाकर भी दस्तावेजों की जाँच कर कर्मचारियों से पूछताछ की ,हालांकि इस मामले में सीबीआई की टीम मीडिया से कुछ भी कहने से कतरा रहे है,जानकारी के अनुसार सीबीआई द्वारा एक ही समय साढ़े दस साहिबंगंज जिले के कई स्थानों जैसे उधवा बरहरवा और मिजाचौकी में छापेमारी की है,जिसमें मिजाचौकी में संजय जयसवाल,टिंकल भगत के आवास कार्यालय,उधवा में महताब आलम के आवसीय कार्यलय,बरहरवा में कृष्ण कुमार साहा आवास,बरहरवा मेनरोड बस स्टैंड के समीप स्थित (एमएटी कम्पनी)सुब्रोतो पाल के कार्यालय,रतनपुर स्थित भगवान भगत के आवसीय कार्यालय में छापेमारी की है,गुप्त सूत्रों की माने तो व्यव्सयियों के यहाँ से भारी मात्रा में कैश एवं एक रिवॉल्वर भी बरमाद की गई है,बताया जा रहा है कि बरमाद किये गए रिवॉल्वर लाइसेंसी है परन्तु यह जाँच के उपरांत ही साफ हो पायेगा।हालांकि खबर लिखे जाने तक छापेमारी अभियान व जाँच लगातार जारी थी।बताया जा रहा है सीबीआई की यह एक बड़ी छापेमारियो में से एक है झारखंड बंगाल और बिहार में एक साथ हुई इस छापेमारी में कई बड़े खुलशे सामने आ सकते है,सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस छापेमारी में भारी मात्रा में कैश, करोड़ो के सोने चांदी और दस्तावेज की बरामदगी हुई है,इस जाँच की आँच राजनैतिक अखाड़े पर भी बड़ा प्रभाव डाल सकती है।

डीसी ने विभिन्न गंगा घाटों का किया निरीक्षण

मेट्रो रेज

साहिबगंज : जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती ने पदाधिकारियों के साथ स्पीड बोट के माध्यम से सभी गंगा घाटों का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने कहा कि आगामी 7 एवं 8 नवंबर को छठ महापर्व निर्धारित है, छठ पूजा आरंभ होने के प्रथम दिन यानी कद्दू भात के एक दिन से ही श्रद्धालुओं द्वारा गंगा स्नान का सिलसिला आरंभ हो जाता है। इस परिपेक्ष्य उपायुक्त के द्वारा शकुंतला घाट, बिजली घाट, ओझा टोली घाट, जनता घाट, छठ घाट, एवं चानन घाट का निरीक्षण किया गया।इसको लेकर नगर परिषद प्रशासन द्वारा सभी गंगा घाटों पर सफाई एवं मिट्टी हटाने तथा बैराकेटिंग लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।उन्होंने सभी घाटों पर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। छठ पूजा के अवसर पर सभी घाटों पर रोशनी की भी समुचित व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा खतरनाक गंगा घाटों को भी चिन्हित करने तथा गंगा के उचित जल स्तर के बीच श्रद्धालुओं को रहने के लिए बैरिकेडिंग करने का भी निर्देश दिया गया है। बड़े नावों, गोताखोरों और एसडीआरएफ की टीम की भी प्रतिनियुक्ति की जाएगी।छठ व्रतियों एवं अन्य श्रद्धालुओं के लिए अतिरिक्त अस्थाई चेंजिंग रूम की भी व्यवस्था का निर्देश दिया गया है। श्रद्धालुओं को सभी समुचित सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी।निरीक्षण के क्रम में अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत, अनुमंडल पदाधिकारी अंगार नाथ स्वर्णकार, नगर प्रशासक अभिषेक कुमार सिंह उपस्थित थे।

भाजपा हमेशा बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ आवाज उठाते रही है : शंभू नंदन

मेट्रो रेज

साहिबगंज/बरहरवा : पाकुड़ विधानसभा के बरहरवा में मंगलवार को शिवसेना प्रत्याशी की ओर से प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया।पाकुड़ विधानसभा के शिवसेना प्रत्याशी शंभू नंदन भगत ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि बरहरवा में मेरा जन्म हुआ है।मैं यही से अपनी आवाजों को उठाना शुरू किया था।बरहरवा की धरती से मुझे बहुत बड़ी पहचान मिली है। जिससे भ्रष्टाचारियों के खिलाफ हम पहले भी आवाज उठाते रहे है।प्रशासन हो या नेता जो भी गरीब आदिवासी पिछड़ा वर्ग एवं व्यवसाय को प्रताड़ित करेंगे उनका आवाज उठाते रहेंगे। हमारे जनता को बेवजह कोई परेशान नहीं कर सकते हैं।उन्होंने यह भी कहा कि मैं भी व्यवसायी वर्ग से आता हूं हमें भी परेशान किया गया है।लेकिन हम निडर होकर भ्रष्टाचारियों के खिलाफ लड़े।परंतु भ्रष्टाचारियों के खिलाफ आवाज उठाना बंद नहीं किया हूं।उन्होंने भाजपा को लेकर कहा कि टिकट को लेकर भाजपा में अपनी दावेदारी भी पेश किया हूं लेकिन पार्टी ने हमारा मनोबल को तोड़ने का काम किया है।उन्होंने आजसू पार्टी के प्रत्याशी पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा सरकार हमेशा बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ आवाज उठाते रहते है लेकिन पाकुड़ विधानसभा के गठबंधन आजसू प्रत्याशी कहते हैं कि हम ऐसा दस्तावेज बना देंगे की कोई बांग्लादेशी घुसपैठ को लेकर कुछ नहीं कहा पाएंगे। यह भी कहा कि भाजपा ने आजसू को टिकट दिया।ऐसे में हिन्दू मतदाता उन्हें कैसे मतदान करेंगे।उसे स्थिति में मतदाताओं को कोई वैकल्पिक रास्ता नहीं दिख रहा है जिस कारण हमनें शिवसेना पार्टी की ओर से चुनाव लड़ने का फैसला किया।साथी मतदाताओं से अपील किया कि हमारा चुनाव चिन्ह कुकर छाप में मतदान कर जिताएं। ताकि मैं पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र की मुद्दों को उठा सकूं। मौके पर संजीव कुमार, दिलीप डोकानिया सहित अन्य मौजूद थे।

अभिनेता कार्तिक आर्यन और भूषण कुमार ने वाराणसी में किया मां गंगा की आरती

वाराणसी। युवा अभिनेता कार्तिक आर्यन और भूषण कुमार ने मंगलवार शाम दशाश्वमेध घाट पर मां गंगा (नदी) की आरती उतारी। विधिवत मंत्रोंच्चार के बीच मां गंगा का पूजन कर नौका बिहार भी किया। गंगा आरती देखने के बाद घाट पर गंगा सेवा निधि के पदाधिकारियों ने दोनों को प्रसाद और स्मृति चिंह भी दिया। गंगा आरती में शामिल होकर इस प्रमोशनल इवेंट को दोनों ने विशेष बनाया और शहर की सांस्कृतिक विरासत का सम्मान किया। गंगा पूजन के बाद दोनों ने नमोघाट पर अपनी फिल्म 'भूल भुलैया 3' का प्रमोशन भी किया। घाट पर फिल्म के प्रचार के दौरान अभिनेता को देखने के लिए युवाओं की भीड़ जमी रही। प्रमोशन से जुड़े यूनिट के सदस्यों के अनुसार कार्तिक आर्यन इस फिल्म में रूह बाबा का रोल निभाते हुए नजर आएंगे। उनके साथ तृप्ति डिमरी, विद्या बालन,माधुरी दीक्षित भी नजर आएंगी। गौरतलब हो कि कार्तिक आर्यन स्टारर फिल्म 'भूल भुलैया 3' बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है, और इसके शोज का 'हाउसफुल' होना इस बात का सबूत है। इस हॉरर-कॉमेडी को दर्शकों से मिल रहे जबरदस्त रिस्पॉन्स की खुशी एक्टर से लेकर प्रोड्यूसर तक के चेहरे पर साफ देखी जा सकती है। यूनिट के सदस्यों ने बताया कि इस फिल्म ने अपने ओपनिंग डे पर 36.60 करोड़ रुपये की कमाई की थी, और सिर्फ 3 दिनों में बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। इस सफलता के साथ, 'भूल भुलैया 3' कार्तिक के करियर में इस माइलस्टोन तक पहुंचने वाली सबसे तेज फिल्म बन गई है। यह फिल्म बॉलीवुड की पसंदीदा हॉरर-कॉमेडी फ्रेंचाइजी की विरासत को आगे बढ़ाते हुए, सिनेमाघरों में अच्छा प्रदर्शन कर रही है।

श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन के बाद अपनी फिल्म 'भूल भुलैया 3' का प्रमोशन किया

सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' के सेट से लीक हुआ वीडियो

सुपरस्टार सलमान खान अब 2025 में रिलीज होने वाली फिल्म 'सिकंदर' की शूटिंग कर रहे हैं। 'सिकंदर' के सेट से एक वीडियो ट्विटर पर लीक हो गया है, जिसमें रश्मिका मंदाना मॉनिटर स्क्रीन पर दिख रही हैं। वीडियो में सलमान खान की टीम शूटिंग साइट पर आती हुई दिखाई दे रही है।

सलमान खान अपनी आने वाली फिल्म 'सिकंदर' में रश्मिका मंदाना के साथ दिखाई देंगे। इस फिल्म का निर्देशन ए.आर. मुरुगडोस कर रहे हैं। फिलहाल इसकी शूटिंग चल रही है। यह फिल्म ईद 2025 पर रिलीज किये जाने की योजना है।

शाहरुख खान ने बेटे अबराम खान के लिए खरीदी लग्जरी कार

बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान ने सबसे छोटे बेटे अबराम के लिए बिल्कुल नई लेक्सस अल्ट्रा लग्जरी खरीदी है। यह कार भारत में सबसे महंगी है। इस कार की कीमत करीब 3 करोड़ रुपये है। यह कार रणबीर कपूर और जान्हवी कपूर के पास भी है। शाहरुख खान के पास कई लग्जरी कारें हैं। उनके कलेक्शन में दुनिया की सबसे महंगी कारें शामिल हैं। शाहरुख खान का कार कलेक्शन 31 करोड़ से भी ज्यादा है। दुनियाभर में जबरदस्त फैन फॉलोइंग के साथ शाहरुख खान का नाम सबसे अमीर अभिनेताओं की लिस्ट में शामिल हो गया है। हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2024 के मुताबिक किंग खान की कुल संपत्ति करीब 7300 करोड़ रुपये है।

अजय की फिल्म 'आजाद' का दमदार टीजर रिलीज

अजय देवगन फिलहाल उनकी 'सिंघम अगेन' सिनेमा की वजह से चर्चा चल रही है। एक तरफ जहां 'सिंघम अगेन' बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। अजय देवगन उनके फैंस को एक और सरप्राइज दिया गया है। अजय देवगन की नई सिनेमा का हाल ही में टीजर रिलीज किया गया है। इस फिल्म का नाम 'आजाद' है और जल्द ही यह फिल्म दर्शकों के सामने आएगी। फिल्म 'आजाद' के 1.47 मिनट के टीजर में फिल्म के कुछ सीन्स की झलक दिखाई गई है। टीजर देखने के बाद पता चलेगा कि इस फिल्म में एक ऐसे घोड़े की कहानी दिखाई जाएगी जो अपने मालिक के प्रति वफादार होता है। टीजर की शुरूआत में एक लड़ाई नजर आ रही है। इसमें दिख रहा है कि अजय देवगन घोड़े पर सवार होकर एंट्री कर रहे हैं। 'हर जंग में, हर बहादुर योद्धा के साथ, एक वफादार घोड़ा रहा है', टीजर के कुछ डायलॉग ध्यान खींच रहे हैं। इस फिल्म से अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन और एक्ट्रेस रवीना टंडन की बेटी राशा टंडन बॉलीवुड में डेब्यू कर रहे हैं। फिल्म 'आजाद' के टीजर में अमन का दमदार फिगर नजर आ रहा है। राशा की भी झलक दिख रही है। फिल्म का निर्माण प्रज्ञा कपूर और रोनी स्क्रूवाला ने किया है। इसका निर्देशन अभिषेक कपूर ने किया है। फिल्म 'आजाद' जनवरी 2025 में रिलीज होगी।

'द साबरमती रिपोर्ट' का शानदार मोशन पोस्टर हुआ रिलीज

'द साबरमती रिपोर्ट' के टीजर ने सभी की निगाहें अपनी ओर आकर्षित की हैं। इस टीजर में एक ऐसी घटना का उल्लेख किया गया है, जिसने पूरे देश को अंदर तक झकझोर कर रख दिया था। टीजर के बाद अब मेकर्स ट्रेलर के रिलीज की तैयारी कर रहे हैं, जिसका इंतजार दर्शकों को बेसब्री से है। मेकर्स ने एक दिलचस्प मोशन पोस्टर लॉन्च किया है, जो फिल्म की रोमनचक दुनिया का छोटा सा झलक दिखाता है। बालाजी मोशन पिक्चर्स, बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड का एक डिविजन और विकिर फिल्म्स प्रोडक्शन द्वारा प्रेजेंट, 'द साबरमती रिपोर्ट' में विक्रांत मैसी, राशी खन्ना और रिद्धि डोगरा लीड रोल में हैं, जो धीरज सरना द्वारा डायरेक्टेड और शोभा कपूर, एकता आर कपूर, अमूल वी मोहन और अंशुल मोहन द्वारा प्रोड्यूस है, जिसे दुनिया भर में जी स्टूडियोज द्वारा रिलीज किया जाएगा। यह फिल्म 15 नवंबर 2024 को रिलीज होगी।

ऑस्ट्रेलिया के अंतरिम टी20 कप्तान बने इंगलिस

एजेंसी

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर जोश इंगलिस को पाकिस्तान के खिलाफ आगामी श्रृंखला के लिए अंतरिम टी20 कप्तान बनाया गया है। मिशेल मार्श और ट्रैविस हेड की अनुपस्थिति में, वह पर्थ में तीसरे और अंतिम वनडे में भी कप्तानी करेंगे, जिसमें पैट कमिंस, स्टीवन स्मिथ और जोश हेजलवुड सभी आराम करेंगे। कमिंस, स्मिथ, हेजलवुड, मिशेल स्टार्क और मार्नस लाबुशेन बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए तीसरा मैच नहीं खेलेंगे, जबकि इंगलिस कप्तान के रूप में बागडोर संभालेंगे। जेवियर बार्टलेट, स्पेंसर जॉनसन और जोश फिलिप सभी को पर्थ वनडे के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम में शामिल किया गया है, जबकि लांस मॉरिस समूह के साथ बने हुए हैं, जो पहले वनडे के लिए हेजलवुड के कवर के रूप में मेलबर्न में थे, जब वह न्यू साउथ वेल्स के लिए शेफील्ड शील्ड गेम खेल रहे थे। इसका मतलब है कि हेजलवुड एडिलेड में श्रृंखला में सिर्फ एक वनडे खेलेंगे। 29 वर्षीय इंगलिस ऑस्ट्रेलिया के 14वें टी20आई कप्तान और 30वें वनडे कप्तान बनेंगे। चयनकताओं की सिफारिश के बाद बोर्ड ने उन्हें मंजूरी दे दी है। मार्श, स्थायी टी20आई कप्तान और हेड, जिन्होंने सितंबर में इंग्लैंड में मार्श की अनुपस्थिति में एक खेल में टीम का नेतृत्व किया था, दोनों ही पितृत्व अवकाश और टेस्ट की तैयारी के कारण पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला के लिए उपलब्ध नहीं हैं। टेस्ट और वनडे कप्तान कमिंस और टेस्ट उप-कप्तान स्मिथ भी टेस्ट समर की तैयारी के लिए टी20 श्रृंखला में नहीं खेल रहे हैं।

पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे वनडे में भी करेंगे कप्तानी

चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा, 'जोश वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय टीमों के अभिन्न सदस्य हैं और मैदान के अंदर तथा बाहर एक बेहद सम्मानित खिलाड़ी है। उन्होंने पहले ऑस्ट्रेलिया ए [प्रधानमंत्री एकादश] का नेतृत्व किया है और इस भूमिका में मजबूत सामरिक कौशल और सकारात्मक दृष्टिकोण लाएंगे। जोश को मैट शॉर्ट और एडम जम्पा जैसे खिलाड़ियों के साथ-साथ ग्लेन मैक्सवेल और मार्कस स्टोइनिस जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों से बहुत अच्छा समर्थन मिलेगा।'

इंगलिस पिछले सीजन में पर्थ स्कॉर्चर्स के उप-कप्तान थे और उनके नेतृत्व समूह का एक महत्वपूर्ण हिस्सा थे। जब एश्टन टर्नर को सीजन खत्म करने वाली चोट लगी थी, तब उन्हें कप्तानी संभालने के लिए दृढ़ता से विचार किया गया था, लेकिन इसके बजाय आरोन हार्डी को चुना गया, केवल इसलिए क्योंकि समय की कमी के कारण अपने युवा गेंदबाजों में से किसी को विकेटकीपर-कप्तान नहीं रखना चाहते थे।

पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम : पैट कमिंस (कप्तान), सीन एबॉट, जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, आरोन हार्डी, जोश हेजलवुड, जोश इंगलिस, स्पेंसर जॉनसन, मार्नस लैबुशेन, ग्लेन मैक्सवेल, लांस मॉरिस, जोश फिलिप, मैथ्यू शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, एडम जाम्पा।

पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम : सीन एबॉट, जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली, टिम डेविड, नाथन एलिस, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, आरोन हार्डी, जोश इंगलिस (कप्तान), स्पेंसर जॉनसन, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू शॉर्ट, मार्कस स्टोइनिस, एडम जाम्पा।

रग्बी विश्व कप क्वालीफायर 2027
नामीबिया ने स्थानीय कोचिंग टीम नियुक्त की

एजेंसी

विंडहोक। नामीबिया के रग्बी यूनियन (एनआरयू) ने मंगलवार को 2025 में होने वाले रग्बी विश्व कप क्वालीफायर अभियान में टीम का नेतृत्व करने के लिए नामीबियाई कोचिंग टीम नियुक्त की। उल्लेखनीय नियुक्ति जैक्स बर्गर की है, जो एक सेवानिवृत्त नामीबियाई रग्बी यूनियन लूज फॉरवर्ड और पूर्व कप्तान हैं, जिन्हें दक्षिण अफ्रीका के एलिस्टर कोएत्जी की जगह रग्बी का निदेशक नियुक्त किया गया है।

एनआरयू ने मीडिया ब्रीफ और अपने सोशल मीडिया पेज पर, पूर्ण कोचिंग टीम की घोषणा की, जिसमें एक अन्य साथी और पूर्व नामीबियाई रग्बी खिलाड़ी, क्रिसेंडर बोथा मुख्य कोच के रूप में शामिल हैं, जैको एंगेल्स, रोहन किट्सहॉफ और डेविड फिलेंडर सहायक कोच और स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच, सर्जियो डे ला हार्प हैं।

इस साल, नामीबिया की टीम को रग्बी अफ्रीका कप के सेमीफाइनल में अंतिम विजेता जिम्बाब्वे से हार का सामना करना पड़ा था। युगांडा में आयोजित होने वाला 2025 रग्बी अफ्रीका कप, विश्व रग्बी द्वारा आयोजित 2027 पुरुष रग्बी विश्व कप के लिए दो साल का क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट है। मौजूदा रग्बी अफ्रीका कप चैंपियन जिम्बाब्वे ने जुलाई में आयोजित 2024 टूर्नामेंट के फाइनल मैच में अल्जीरिया के खिलाफ जीत हासिल की।

2025 टूर्नामेंट में जिम्बाब्वे, अल्जीरिया, नामीबिया, केन्या, सेनेगल, कोटे डी आइवर शामिल होंगे। विश्व रग्बी के अनुसार, पुरुषों का रग्बी विश्व कप 2027 ऑस्ट्रेलिया में आयोजित किया जाएगा और इसमें 24 टीमें भाग लेंगी।

बीबीएल : सिडनी थंडर के कप्तान नियुक्त हुए डेविड वार्नर

सिडनी। डेविड वॉर्नर पर कप्तानी का प्रतिबंध हटाए जाने के बाद उन्हें बिग बैश लीग (बीबीएल) के आगामी संस्करण के लिए सिडनी थंडर का कप्तान घोषित किया गया है। बाएं हाथ के इस अनुभवी खिलाड़ी ने क्रिस ग्रीन की जगह ली है, हालांकि ग्रीन एक खिलाड़ी के रूप में टीम का हिस्सा बने रहेंगे। वार्नर को कप्तानी के लिए पात्र हुए दो सप्ताह से भी कम समय हुआ है, तीन सदस्यीय स्वतंत्र पैनल ने संतुष्टि व्यक्त की है कि उन्होंने प्रतिबंध को तत्काल प्रभाव से हटाने के लिए सभी मानदंडों को पूरा किया है। वार्नर ने क्लब की ओर से जारी एक बयान में कहा, 'इस सीजन में फिर से थंडर की कप्तानी करना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मैं शुरू से ही टीम का हिस्सा था, और अब अपने नाम के आगे 'सी' के साथ वापस आना शानदार लगता है। मैं आगे बढ़कर नेतृत्व करने और आने वाली युवा प्रतिभाओं के साथ अपना अनुभव साझा करने के लिए उत्सुक हूं।' उन्होंने कहा, 'मैदान के बाहर नेतृत्व भी उतना ही महत्वपूर्ण है। मैं ऐसा माहौल बनाना चाहता हूँ जहाँ हम सभी खेल से ब्रेक ले सकें, एक-दूसरे से जुड़ सकें और आनंद ले सकें। चाहे टीम के साथ खाना हो, गोल्फ कोर्स पर हो या पश्चिमी सिडनी में अपने प्रशंसकों से मिलना हो, यह सब सौहार्द बनाने और जमीन से जुड़े रहने के बारे में है। मैं ग्रीनी (क्रिस ग्रीन) के नेतृत्व करने के तरीके की सराहना करना चाहता हूँ। वह शानदार नेतृत्व गुणों वाला एक असाधारण प्रतिभाशाली खिलाड़ी है। जेसन संघा भी एक शानदार खिलाड़ी हैं। मैंने दोनों से बहुत अच्छी जानकारी हासिल की है और मुझे पता है कि इस सीजन में मैं उन पर भरोसा कर सकता हूं।' थंडर को उम्मीद है कि वार्नर की कप्तानी उन्हें सफलता की ओर प्रेरित करेगी, क्योंकि पिछले सीजन में वे सबसे निचले पायदान पर रहे थे। बीबीएल 14 की शुरूआत 15 दिसंबर से होगी। थंडर का पहला मैच 17 दिसंबर को कैनबरा में एडिलेड स्ट्राइकर्स के खिलाफ होगा।

सिडनी थंडर की टीम: डेविड वार्नर (कप्तान), वेस एगर, कैमरून बैनक्रॉफ्ट, सैम बिलिंग्स, ओलिवर डेविस, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट गिलकेस, क्रिस ग्रीन, लियाम हैचर, सैम कोंस्टास, निक मैडिनसन, नाथन मैकएंड्रू, शेरफेन रदरफोर्ड, विलियम साल्जमैन, डैनियल सैम्स, जेसन संघा, तनवीर संघा।

फातोर्डा में होगी गोवा और पंजाब एफसी की आक्रामक भिड़ंत

एजेंसी

गोवा। बेहतरीन फॉर्म में चल रही दो टीमें एफसी गोवा और पंजाब एफसी बुधवार शाम फातोर्डा स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में आमने-सामने होंगी। एफसी गोवा ने बेंगलुरू एफसी पर 3-0 की शानदार जीत के साथ चार घरेलू मैचों में जीत से अपनी दूरी को समाप्त किया। लिहाजा, गौर्स इस मैच में नए आत्मविश्वास के साथ उतरेंगे। वहीं, पंजाब एफसी भी जबर्दस्त फॉर्म में है, वो पांच मैचों में चार जीत और एक हार से 12 अंक लेकर तालिका में तीसरे स्थान पर है। इस दौरान उसे एकमात्र हार 18 अक्टूबर 2024 को बेंगलुरू एफसी से मिली थी।

गौर्स ने आईएसएल 2024-25 में 18-यार्ड बॉक्स के अंदर से 12 गोल किए हैं, जो इस अवधि में सबसे ज्यादा हैं। उनमें से आमंडो सादिकु (6) और बोरा हेरारा (4) ने 10 गोल दागे हैं।

गौर्स ने पिछले मैच में 16 हाई टर्नओवर (विपक्ष के गोल के 40 मीटर के भीतर गेंद को वापस जीतना) अपने नाम किए, जो सभी टीम में सबसे ज्यादा है।

वहीं, पंजाब एफसी ने पिछले पांच मुकाबलों में चार जीत हासिल करके शानदार शुरूआत की है। इस दौरान बेंगलुरू एफसी के साथ उसका एकमात्र मैच था, जिसमें वो गोल करने में विफल रही थी। पंजाब ने प्रति मैच तीन बड़े मौके बनाए हैं, जो सभी टीम में सबसे अधिक है। इस सीजन में उनके नौ गोलों में से आठ उपरोक्त मौकों से आए हैं।

एफसी गोवा के स्पेनिश हेड कोच मैनोलो मार्कुएज ने कहा कि वह खेल के परिणाम की परवाह किए बिना सकारात्मक बने रहना पसंद करते हैं। उन्होंने कहा, 'बतौर कोच मेरा अनुभव है कि यदि टीम अच्छा प्रदर्शन नहीं करती है तो आप बहुत नकारात्मक या निराशावादी नहीं हो सकते। बेशक, आप क्रोधित हो सकते हैं, लेकिन मुझे शीर्ष टीमों और निचली टीमों (तालिका में) के बीच बहुत अंतर नहीं दिखता है।' पंजाब एफसी के ग्रीक हेड कोच पैनागियोटिस दिलमपेरिस एफसी गोवा के गेमप्ले के साथ तालमेल बिठाने को लेकर अधिक चिंतित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि उनकी टीम आगामी मैच में गौर्स को खेल शैली में बदलाव करने के लिए मजबूर करेगी।

उन्होंने कहा, ह्लहम उनके (एफसी गोवा की खेल शैली) के साथ तालमेल नहीं बिठाएंगे। हम अपने हिसाब से खेलने के लिए दबाव डालेंगे। हमें केवल इस बात की परवाह है कि दूसरी टीमें हमारे खिलाफ कैसे खेलती हैं।ह्व

बता दें कि दोनों टीमों के बीच आईएसएल में अब तक दो मुकाबले खेले गए हैं, जिनमें एफसी गोवा एक बार जीती है जबकि पंजाब एफसी के खिलाफ को जीत की दरकार है। एक मैच ड्रा रहा।

पटना के गुलाबी घाट पर कल राजकीय सम्मान के साथ होगा शारदा सिन्हा का अंतिम संस्कार

एजेंसी

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने घोषणा की है कि बिहार कोकिला, पद्मश्री एवं पद्म भूषण से सम्मानित स्व. शारदा सिन्हा का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ होगा। राजधानी पटना के गुलाबी घाट पर गुरुवार सुबह आठ बजे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार होगा। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा गुरुवार शाम शारदा सिन्हा के राजेन्द्र नगर स्थित घर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि देंगे। मुख्यमंत्री ने शारदा सिन्हा के निधन की सूचना मिलते ही स्थानीय आयुक्त, नई दिल्ली को उनके परिवार के सदस्यों से समन्वय स्थापित कर उनका

पार्थिव शरीर वायुयान से पटना भेजने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद आज इंडिगो की फ्लाइट से उनका पार्थिव शरीर दिल्ली से पटना लाया गया। पार्थिव शरीर को दोपहर बाद पटना में अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी पटना को निर्देश दिया है कि राजकीय सम्मान के साथ स्व. शारदा सिन्हा के अंतिम संस्कार के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं ससमय सुनिश्चित करेंगे।

स्वर्गीय शारदा सिन्हा के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।

कुपवाड़ा मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया

कुपवाड़ा। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के लोलाब वन क्षेत्र में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच चल रही मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने बुधवार सुबह एक आतंकी को मार गिराया । माना जा रहा है कि अभी और आतंकी सुरक्षाबलों के घेरे में फंसे हुए हैं। सुरक्षाबलों का अभियान जारी है।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि लोलाब में एक आतंकवादी मारा गया है और उसकी पहचान अभी नहीं हो पाई है। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष जानकारी मिलने के बाद मंगलवार शाम को सेना की 28आरआर ने जम्मू-कश्मीर पुलिस कुपवाड़ा के साथ मिलकर लोलाब के जंगलों की घेराबंदी कर और तलाशी शुरू की थी। उन्होंने बताया जैसे ही सुरक्षाबल आतंकियों के पास पहुंचे छुपे हुए आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। अंधेरा होने के बाद सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेरा कर लिया। बुधवार सुबह होते ही एक बार फिर से मुठभेड़ शुरू हो गई इस मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को मार गिराया है। माना जा रहा है कि अभी और आतंकी सुरक्षाबलों के घेरे में फंसे हुए है।

संजौली मस्जिद विवाद : अवैध हिस्सा तोड़ने पर जिला कोर्ट का रोक लगाने से इंकार, 11 को होगी अगली सुनवाई

शिमला। राजधानी शिमला के उपनगनर संजौली का बहुचर्चित मस्जिद मुद्दा एक बार फिर से गहरा गया है। नगर निगम कोर्ट के मस्जिद की तीन अवैध मंजिलों को गिराने के आदेश पर जिला कोर्ट ने रोक लगाने से इंकार कर दिया है। इस मामले की अगली सुनवाई 11 नवंबर को होगी।

मुस्लिम पक्ष से जुड़ी वेलफेयर सोसायटी ने नगर निगम आयुक्त कोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए जिला कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी के सदस्य व ऑल हिमाचल मुस्लिम लीग के प्रवक्ता नजाकत अली हाशमी ने नगर निगम आयुक्त कोर्ट के निर्णय पर रोक लगाने के लिए जिला कोर्ट में अपील दायर की थी। इस पर बुधवार को सुनवाई करते हुए कोर्ट ने नगर निगम आयुक्त कोर्ट के निर्णय पर रोक लगाने से इंकार कर दिया। याचिकाकर्ता मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी के अधिवक्ता विश्वभूषण ने बताया कि नगर निगम आयुक्त के आदेश के खिलाफ नाहन की मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी ने याचिका दाखिल की है। इसमें मस्जिद के अवैध हिस्से को तोड़ने के आदेश पर रोक लगाने की मांग की गई है। मुस्लिम पक्ष ने याचिका में अपील की है कि मामले में मुस्लिम समुदाय की भावनाएं जुड़ी हुई हैं और उनका पक्ष भी सुना जाना चाहिए। दलीलें सुनने के बाद अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख 11 नवंबर को तय की है। उन्होंने कहा कि आज की सुनवाई में नगर निगम आयुक्त कोर्ट के आदेश पर रोक लगाने पर कोई फैसला नहीं हुआ है। अदालत ने आयुक्त से मामले से जुड़ा रिकार्ड तलब किया है। संजौली की मस्जिद में अवैध निर्माण के मुद्दे पर बवाल चल रहा है। सुर्खियों में रहने वाली इस विवादित चार मंजिला मस्जिद में अवैध निर्माण को लेकर बीते पांच अक्टूबर को नगर निगम के कोर्ट में सुनवाई हुई। नगर निगम आयुक्त भूपेंद्र अत्री ने बीते 5 अक्टूबर को मस्जिद के अवैध निर्माण को लेकर सुनवाई करते हुए मस्जिद की तीन मंजिलों को अवैध ठहराया और मस्जिद कमेटी को इन्हें ध्वस्त करने के आदेश दिए।

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप का ऐतिहासिक प्रदर्शन, कहा- जीत अविश्वसनीय, ऐतिहासिक



एजेंसी

फ्लोरिडा। संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी जीत का ऐलान कर दिया है। ट्रंप ने यहां के वेस्ट पाम बीच में अपने अभियान की वॉच पार्टी में देश को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह जीत अविश्वसनीय और ऐतिहासिक है। उन्होंने देश के सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया।

वेस्ट पाम बीच में डोनाल्ड ट्रंप का जोरदार स्वागत किया गया। उनके साथ मंच पर जेडी वेंस, उनकी पत्नी मेलानिया और अभियान के कर्मचारी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि यह बड़ी राजनीतिक जीत है। ट्रंप ने इस मौके पर जेडी वेंस को अगले उपराष्ट्रपति के लिए बधाई भी दी। वेंस ने कहा कि यह ट्रंप की अब तक की सबसे बड़ी राजनीतिक वापसी है। रिपब्लिकन ट्रंप ने कहा कि चुनाव में उनकी पार्टी ने इतिहास रचा है। आज का अवसर उनके जीवन का सबसे महत्वपूर्ण दिन है। उन्होंने कहा, 'अमेरिका ने हमें एक अभूतपूर्व और शक्तिशाली जनादेश दिया है।'

ट्रम्प ने अपनी पत्नी मेलानिया को धन्यवाद देते हुए उन्हें प्रथम महिला बताया। उन्होंने संबोधन में अपने सभी बच्चों का नाम लिया और चुनाव प्रचार में योगदान के लिए उनका आभार जताया। ट्रंप ने अपने अभियान के महत्वपूर्ण स्तंभ एक्स के मालिक और दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क को 'अद्भुत' व्यक्ति बताया। ट्रंप ने एलन मस्क को रिपब्लिकन पार्टी का नया सितारा बताया।

उल्लेखनीय है कि ट्रंप ने इस चुनाव में जीत की घोषणा कर दी है लेकिन वे अभी तक इलेक्टोरल कॉलेज वोटों की आवश्यक संख्या तक नहीं पहुंच पाए हैं। उन्हें 270 वोटों की आवश्यकता है, लेकिन वे इससे चार वोट पीछे हैं। कमला हैरिस 218 वोटों पर हैं।

शाह की सभा में 'उकसाने वाले' बयान पर मिथुन चक्रवर्ती के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

एजेंसी

कोलकाता। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में भाजपा नेता एवं मशहूर अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती के 'उकसाने वाले' बयान देने के मामले में कोलकाता पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। यह प्राथमिकी कोलकाता के बउबाजार थाने में दर्ज की गई है। शिकायत में कहा गया है कि मिथुन ने शाह की उपस्थिति में भाजपा की एक सभा में भड़काऊ बयान दिए थे। सुरक्षा कारणों से शिकायतकर्ता का नाम गोपनीय रखा गया है। स्थानीय पुलिस के अनुसार, मिथुन के विरुद्ध बउबाजार थाने में एफआईआर संख्या-255 दर्ज की गयी है। एक अधिकारी के मुताबिक, हाल ही में तृणमूल कांग्रेस के विधायक हुमायूं कबीर द्वारा भड़काऊ बयान देने का मुद्दा उठाते हुए मिथुन ने कहा था, ह्लमैं गृहमंत्री के सामने कह रहा हूं कि जो करना होगा, करेंगे। हमारे एक नेता कहते हैं कि 70 प्रतिशत मुस्लिम और 30 प्रतिशत हिंदू हैं। ऐसे में गंगा में बहा देंगे। सोचा मुख्यमंत्री कुछ कहेंगी, पर कुछ नहीं हुआ। मैं मुख्यमंत्री नहीं हूं, पर कह रहा हूं कि तुम्हें तुम्हारी ही जमीन में दफना देंगे। हमें ऐसे सदस्य चाहिए जो निर्भीकता से कहें कि हमला करो, हम देख लेंगे। हम ऐसे कार्यकर्ता नहीं चाहते जो पैसे लेकर काम करते हैं। अगर ऐसा करना है तो तृणमूल में चले जाओ। यदि हमारे बाग का एक फल तोड़ोगे, तो हम चार तोड़ेंगे।' मिथुन ने यह भी कहा था कि यह अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती नहीं, बल्कि 1968 का 28 वर्षीय मिथुन बोल रहा है, जिसने राजनीति में कदम रखा था। इस तरह के भड़काऊ बयानों के कारण ही मिथुन के खिलाफ यह एफआईआर दर्ज की गई है।

मिथुन की हाल की फिल्मों की बात करें तो वे तृणमूल विधायक और अभिनेता सोहम चक्रवर्ती के साथ फिल्म 'शास्त्री' में नजर आए। इसके अलावा वे तृणमूल विधायक एवं निर्देशक राज चक्रवर्ती की आगामी फिल्म 'संतान' में भी भूमिका निभा रहे हैं। मिथुन के भाजपा में होने के बावजूद तृणमूल नेताओं के साथ काम करने पर भी चचाएं हो रही हैं। मिथुन इस पर फिलहाल चुप्पी साधे हुए हैं।

उपराष्ट्रपति धनखड़ आज छत्तीसगढ़ के राज्य अलंकरण समारोह में होंगे शामिल

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण एवं राज्योत्सव का समापन आज शाम 6 बजे होगा। समारोह का आयोजन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के मुख्य आतिथ्य में नवा रायपुर स्थित राज्योत्सव ग्राउंड में होगा। उपराष्ट्रपति धनखड़ विभिन्न क्षेत्र की विभूतियों को छत्तीसगढ़ राज्य अंलकरण सम्मान से विभूषित करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यपाल रमेन डेका करेंगे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। उपराष्ट्रपति धनखड़ राज्य अलंकरण समारोह में शामिल होने के लिए विमान से शाम 5:40 बजे रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे और वहां से राज्योत्सव मेला ग्राउंड के लिए प्रस्थान करेंगे। उपराष्ट्रपति धनखड़ राज्य अलंकरण समारोह के पश्चात रात्रि 7:45 बजे रायपुर एयरपोर्ट से नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत

एशियाई बाजारों में मिला-जुला कारोबार

एजेंसी

नई दिल्ली। ग्लोबल मार्केट से आज पॉजिटिव संकेत मिल रहे हैं। अमेरिका में पिछले सत्र के दौरान राष्ट्रपति चुनाव के बीच वॉल स्ट्रीट में उत्साह के साथ कारोबार होता रहा। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज तेजी के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एशियाई बाजारों में भी आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव की गहमा-गहमी के बीच वॉल स्ट्रीट में लगातार पॉजिटिव माहौल बना रहा। एसएंडपी 500 इंडेक्स 1.23 प्रतिशत की मजबूती के साथ 5,782.76 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने

258.64 अंक यानी 1.42 प्रतिशत उछल कर 18,438.62 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 528.29 अंक यानी 1.25 प्रतिशत की तेजी के साथ 42,750.57 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।

यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान आमतौर पर मजबूती बनी रही। हालांकि कारोबार के अंत में बिकवाली होने की वजह से यूरोपीय बाजार के सूचकांक मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.15 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 8,172.39 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसके विपरीत सीएसी इंडेक्स ने 0.48 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,407.15 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसी तरह डीएएक्स इंडेक्स 108.42 अंक यानी 0.56 प्रतिशत की मजबूती के साथ 19,256.27 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

एशियाई बाजारों में भी आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 5 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 4 सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं। हैंग सेंग इंडेक्स 475.71 अंक यानी 2.26 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 20,531.26 अंक तक गिर गया है। इसी तरह कोस्पी इंडेक्स 1.15 प्रतिशत टूट कर 2,547.33 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.12 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 1,479.88 अंक के स्तर पर और जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.04 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 7,488.76 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 160.50 अंक यानी 0.66 प्रतिशत की मजबूती के साथ 24,430 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह ताइवान वेटेड इंडेक्स 250.91 अंक यानी 1.09 प्रतिशत उछल कर 23,357.70 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। निक्केई इंडेक्स ने आज जोरदार छलांग लगाई है। फिलहाल ये सूचकांक 983.54 अंक यानी 2.56 प्रतिशत की तेजी के साथ 39,458.44 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसके अलावा स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.06 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,583.83 अंक के स्तर पर और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.16 प्रतिशत की मजबूती के साथ 3,392.36 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

न्यूज IN ब्रीफ

भोपाल में चार्टर्ड अकाउंटेंट बीसी जैन के घर ईडी का छापा, आधा दर्जन ठिकानों पर कार्रवाई जारी

भोपाल। भोपाल में अरेरा कॉलोनी स्थित बीसी जैन एंड चार्टर्ड अकाउंटेंट फर्म के कार्यालय और निवास पर बुधवार सुबह ईडी ने छापा मारा है। बीसी जैन इस फर्म के संचालक हैं। वित्तीय अनियमितताओं को लेकर शिकायत मिलने के बाद ईडी की टीम ने यह छापेमारी की है। ईडी के अधिकारी सुबह लगभग 6 बजे बीसी जैन के घर पहुंचे और कार्रवाई शुरू की। इसके अलावा सीए फर्म्स के कुल 6 स्थानों पर भी कार्रवाई जारी है। यह छापेमारी वित्तीय अनियमितताओं और अन्य संभावित अपराधों की जांच के हिस्से के रूप में की जा रही है। अरेरा कॉलोनी स्थित चार्टर्ड अकाउंटेंट बीसी जैन के घर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने छापेमारी की है। ईडी की टीम बुधवार सुबह 6 बजे उनके अरेरा कॉलोनी स्थित निवास पर पहुंची और छानबीन शुरू की। जांच के दौरान अफसरों ने अकाउंट संबंधी दस्तावेज जब्त किए हैं। जैन के अरेरा कॉलोनी स्थित 2/33 मकान के साथ ही भोपाल में 6 अन्य सहयोगियों के यहां भी कार्रवाई चल रही है। दो मंजिला मकान के बाहर केंद्रीय पुलिस बल तैनात है। हालांकि अधिकारी इस मामले में कुछ भी कहने से बच रहे हैं। बीसी जैन का नाम प्रदेश के बड़े उद्योगपतियों और व्यवसायियों से जुड़ा हुआ है। सीए से जुड़े कई लोगों या कंपनियों के टैक्स, ऑडिट दस्तावेजों में गड़बड़ी के खुलासे की उम्मीद है। बीसी जैन ने जैन एंड कंपनी के नाम से अपना रजिस्ट्रेशन कर रखा है और जीएसटी कंसल्टेंसी का भी काम करते हैं। सीए दिशा बीपी जैन एंड कंसल्टेंट्स कंपनी में पार्टनर हैं। हालांकि, फिलहाल ईडी की ओर से इस छापेमारी को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। बीसी जैन मध्य प्रदेश के प्रमुख चार्टर्ड अकाउंटेंट में से एक हैं और उनकी फर्म इउढ जैन एंड उड. बड़े कारोबारियों और उद्योगपतियों के लिए वित्तीय सेवाएँ प्रदान करती है। जैन की फर्म द्वारा प्रबंधित किए जाने वाले मामलों में बड़े वित्तीय लेनदेन और उद्योगों से जुड़ी फाइलें शामिल हैं, जो इस कार्रवाई को गंभीर बनाती हैं।

किसान के घर में भीषण आग लगी, पांच मवेशी जिंदा जले

सूरजपुर/रायपुर। सूरजपुर जिले के सोनपुर गांव में बुधवार सुबह एक किसान के घर में अचानक भीषण आग लग गई। इस हादसे में किसान के पांच मवेशी जिंदा जल गए और खेत के लिए रखा हुआ धान भी जलकर खाक हो गया। आग लगने के कारण का अब तक पता नहीं चल सका है।आग इतनी भीषण थी कि मवेशियों और फसल को बचाया नहीं जा सका। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय विधायक भूलन सिंह मारवी और एसडीएम तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने स्थिति का जायजा लिया और पीड़ित किसान को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आग लगने के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।प्रशासन ने किसान को मुआवजा देने और उसकी सहायता करने का आश्वासन दिया है।

कक्षा 11वीं के विद्यार्थी के आत्महत्या मामले में तीन शिक्षक निलंबित

राजकोट। राजकोट जिले की लोधिका तहसील के मोटावडा गांव के कक्षा 11वीं (कॉमर्स) के छात्र के आत्महत्या केस में राजकोट जिले के इंचार्ज शिक्षाधिकारी ने 3 शिक्षकों को निलंबित कर दिया है। छात्र के सुसाइड नोट में शिक्षकों की प्रताड़ना का उल्लेख किया गया था, जिसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने जांच कमेटी बनाई थी। राजकोट के मोटावडा गांव के कक्षा 11वीं के छात्र ध्रुविल वरू ने 19 अक्टूबर, 2024 को घर में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली थी। सुसाइड नोट में ध्रुविल ने 3 शिक्षकों की प्रताड़ना का उल्लेख किया था। इस पर लोधिक थाने की पुलिस ने छात्र को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोपित शिक्षकों आचार्य सचिन व्यास, स्थाई शिक्षक मौसमी शाह और ज्ञान सहायक विभूति जोशी के विरुद्ध 20 अक्टूबर को प्राथमिकी दर्ज की थी। इसके बाद से ही तीनों शिक्षक फरार हो गए थे। इस दौरान तीनों शिक्षकों ने गोंडल कोर्ट में अग्रिम जमानत की याचिका दाखिल की थी, जिसे कोर्ट ने नामंजूर कर दिया था। बाद में जिला शिक्षा अधिकारी दीक्षित पटेल ने विभागीय जांच के बाद तीनों शिक्षकों को निलंबित करने का आदेश जारी किया है। राजकोट जिला शिक्षा अधिकारी दीक्षित पटेल ने बताया कि लोधिका के मोटावडा स्थित सरकारी स्कूल में पढ़ाई कर रहे ध्रुविल वरू की आत्महत्या मामले में स्कूल के आचार्य समेत तीनों शिक्षकों से रिपोर्ट मांगी थी, लेकिन इनमें से किसी ने भी जवाब नहीं दिया। अब इस मामले में तीनों शिक्षको को निलंबित करने की रिपोर्ट राज्य सरकार को भेजी गई है। लोधिक थाने के अधिकारी ने बताया कि तीनों शिक्षक अभी फरार है। इनके फोन बंद हैं। संभावित सभी जगहों पर तलाश किया गया है, लेकिन अभी इन्हें पकड़ा नहीं किया गया है।

श्रद्धालुओं से भरी पिकअप अनियंत्रित होकर पलटी, 13 घायल, 2 गंभीर

अनूपपुर। अमरकंटक से दर्शन कर वापिस घर जा रहे श्रद्धालुओं का पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमे 13 लोग घायल हो गए। वाहन में 18 लोग सवार थे। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र की बताई गई हैं। जानकारी अनुसार मंगलवार-बुधवार की रात्रि पिकअप वाहन में 18 लोग अमरकंटक से दर्शन कर लौट रहें थे। तभी किररघाट के नीचे ग्राम क्षीरापटपर के पास पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसके बाद चीख-पुकार सुन कर ग्रमीण पहुंचे और घायलों को अनूपपुर जिला चिकित्सालय में पहुंचाया। जहां 13 घायलों का इलाज शुरू किया गया । जिसमें दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें बड़े अस्तपताल रेफर किया गया। पुलिस के अनुसार हादसे में एक महिला और 22 वर्षीय युवक अमन को शहडोल मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वाहन में सवार सभी कोतमा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कोठी के निवासी हैं। यात्रियों ने बताया कि पिकअप चालक शराब के नशे में धुत था। जिला चिकित्सालय में ड्यूटी डॉक्टर मोहम्मद ओजैर ने बताया कि अस्पताल में उपचार के लिए 11 लोग भर्ती हैं।

जबलपुर में हिट एंड रन मामला स्कार्पियो सवार ने ली मासूम की जान

जबलपुर। संस्कारधानी के कोतवाली थाना अंतर्गत उखरी तिराहे पर हिट एंड रन के मामले में एक्टिवा सवार दंपति को स्कॉर्पियो सवार ने जोरदार टक्कर मारकर रौंद दिया, जिससे तीन साल के मासूम ने मौके पर ही दम तोड़ दिया तथा माँ गंभीर रूप से घायल हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सौरभ अग्रवाल व उनकी पत्नी सुरभि अग्रवाल अपने तीन साल के मासूम बच्चे के साथ अहिंसा चौक से उखरी तिराहे की ओर जा रहे थे तभी पीछे अनियंत्रित होकर आ रही एक एमपी20सीए4438 स्कार्पियो ने उन्हें जोर से टक्कर मार दी। घटना का सीसीटीवी फुटेज वायरल हो रहा है। जिसमे स्पष्ट दिख रहा है कि गाड़ी कैसे चढ़ा दी गयी तथा चालक उसे आगे तक घसीटता ले गया। इस घटना में बच्चा कुचलने के बाद पास के ही निजी अस्पताल ले जाया गया जहाँ उसकी मौत हो गई है। घटना को लेकर नागरिकों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंचे सीएसपी रितेश शिव एवं थाना प्रभारी देशमुख ने शीघ्र ही आरोपित को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया, जिससे प्रदर्शन रोका जा सके। घटना का पता चलते ही विधायक लखन घनघोरिया पूर्व विधायक विनय सक्सेना, कुंजी जोहरी,राकेश अग्रवाल सहित कई जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे एवं उन्होंने घटना करने वाले आरोपी पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की। क्षेत्रीय जनों के अनुसार आरोपी रसूखदार परिवार से है।

नरेन्द्र मोदी के चाईबासा आगमन पर प्रत्याशियों के पक्ष में बना है बेहतर माहौल

चक्रधरपुर के भाजपा प्रत्याशी शशिभूषण सामड भी हैं काफी उत्साहित

ज्योति पाठक

चाईबासा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चाईबासा आगमन और प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार से चक्रधरपुर के भाजपा प्रत्याशी शशिभूषण सामड और उनके समर्थकों के बीच गजब का उत्साह देखा जा रहा है। इसकी प्रमुख वजह यह है कि श्री सामड 2019 से लेकर अबतक जनता के बीच रहें और उनके सुख-दुख समस्याओं के निस्पादन हेतु कारगर प्रयास करने के फलस्वरूप ये लोगों के बीच हमेशा समस्याओं के निराकरण के लिए जुटे रहें। ग्रामीण और सुदूर

क्षेत्रों में भी इनका परिभ्रमण निरंतर जारी रहा। लोगों से कुशलक्षेम जानने के साथ-साथ उनके लिए हमेशा समर्पित रहें। श्री सामड के भाजप प्रत्याशी के रूप में काफी समय से चर्चा थी और भाजपा के द्वारा प्रत्याशियों के घोषणा किये जाने के फलस्वरूप चक्राधरपुर विधानसभा संख्या - 56 से उन्हें प्रत्याशी बनाया गया। प्रत्याशी बनाये जाने के प्श्चात से ही वे चुनावी कार्यक्रम में जुट गयें और जनसंपर्क अभियान भी चला रहे हैं। भाजपा के संगठन से जुड़े लोग और कार्यकर्ता भी काफी उत्साह के साथ पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में जोरदार अभियान चला रहे हैं। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कोल्हान प्रमण्डल मुख्यालय चाईबासा में आयोजित विशाल जनसभा से चक्रधरपुर विधानसभा के प्रत्याशी उत्साहित हैं और पुरे जोर-शोर से जनसंपर्क अभियान में जुटे हुए हैं।

यूज ब्रीफ

महिला समिति के द्वारा जगन्नाथ मंदिर परिसर में सजावटी जलाशय का उद्घाटन

बोकारो : शहर सौंदर्यीकरण हेतु अनिता तिवारी,अध्यक्षा महिला समिति, बोकारो के कर कमलों द्वारा जगन्नाथ मंदिर परिसर में सजावटी जलाशय का उद्घाटन किया गया. मुख्य मंदिर के दोनों तरफ एक-एक फव्वारा मंदिर की शोभा बढ़ा रहा है तथा दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बना है. आज छठ पूजा के नहाए-खाए से समिति की कार्यकारिणी दल की उपस्थिति में अध्यक्षा द्वारा इसका शुभारंभ किया गया. इस अवसर पर उपाध्यक्ष मोनिका रंगानी, निशा श्रीवास्तव, प्रीति शरण सचिव ऋचा प्रियदर्शिनी, सांस्कृतिक सचिव श्वेता कुमार, अनीशा झा, प्रीति राजेश, जया, आशा, समिता ने दीप जलाया तथा पूजा अर्चना की।

फिरोज अली ने कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में मांगा वोट

कोलेबिरा। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य फिरोज अली एवं जलडेगा प्रखंड अध्यक्ष अपने कार्यकर्ताओ के साथ कोलेबिरा विधानसभा गठबंधन के प्रत्याशी कांग्रेस पार्टी के नमन विकसल कोनगाड़ी के पक्ष में लचरागढ़ और जलडेगा में वोट करने का अपील करते हुए जीत दिलाने की अपील की।

छठ महापर्व पर सज गयी फल की दुकान

चक्रधरपुर : महापर्व छठ लौकी भात के साथ ही प्रारंभ हो गया है। छठव्रतियों ने लौकी भात के पश्चात देर शाम खरना करेंगे और कल भगवान सुर्य को अर्ग अर्पित करेंगे। छठव्रतियों के लिए फल और पूजन सामग्री की दुकान सज गयी है। स्थानीय कपड़ा पट्टी दुकानें सज गयी हैं जिससे कि एक ही स्थल पर छठव्रतियों को सभी पूजन सामग्री और फल एक स्थल पर सहज, सुविधा और समुचित मूल्य पर मिल सके। इस संदर्भ में विगत कई वर्षों से दुकान लगाने वाले युवा व्यवसायी अनुप साव बताते हैं कि वे विगत कई वर्षों से यहां छठ महापर्व के अवसर पर छठव्रतियों, श्रद्धालुओं के लिए राँची और जमशेदपुर से सामग्री लाकर रखते हैं। उनके इस दुकान पर सभी सामग्री पूर्ण रूपेण शुद्धता के साथ समुचित दर पर उपलब्ध है। छठव्रतियों के लिए पूजन सामग्री और फल तथा अन्य सामग्री भी उनके द्वारा दुकान पर रखा गया है। उन्होंने बताया कि छठ महापर्व के अवसर पर वे स्वयं इन सामग्री को लाते हैं ओर श्रद्धालुओं को सहजता से उपलब्ध कराते हैं।

चुनाव में धनबल व बाहुबल के प्रयोग पर जिला प्रशासन की पैनी नजर

जमशेदपुर : पूर्वी सिंहभूम के जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी नागरिकों से अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति किसी तरह की रिश्वत की पेशकश करता है या उन्हें रिश्वत के लेन-देन और निर्वाचकों को डराने-धमकाने के मामले की जानकारी मिलती है तो शिकायत दर्ज करने के लिए जिला नियंत्रण कक्ष दूरभाष संख्या- 0657-2440111, 0657-2221717 अथवा 0657-2221718 पर सूचित करें। सूचना की जांच के बाद आरोपियों के विरूद्ध दोष सिद्ध होने पर विधि सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

एक वर्ष तक के कारावास व जुमार्ना का प्रावधान : पूर्वी सिंहभूम जिला निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय (मीडिया कोषांग) की ओर से आज बुधवार को यहां जारी विज्ञप्?ति में बताया गया है कि विधानसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत ह्लभारतीय दंड संहिता की धारा-171 खह्व के अनुसार कोई व्यक्ति निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी व्यक्ति को उनके निर्वाचन अधिकार का प्रयोग करने के लिये उत्प्रेरित करने के उद्देश्य से नकद या वस्तु रूप में कोई परितोष देता है या लेता है, वह एक वर्ष तक के कारावास या जुमार्ना या दोनों से दंडनीय होगा। इसके अतिरिक्त भारतीय दंड संहिता की धारा 171ग के अनुसार जो कोई व्यक्ति किसी अभ्यर्थी का निर्वाचक या किसी अन्य व्यक्ति को किसी प्रकार की चोट लगाने की धमकी देता है, वह एक वर्ष तक के कारावास या जुमार्ने या दोनों से दंडनीय है।

कार्रवाई करने के लिए उड़न दस्ता गठित : रिश्वत देने और लेने वाले के विरूद्ध मामले दर्ज करने के लिये और ऐसे लोगों के विरूद्ध कार्रवाई करने के लिए जो निर्वाचकों को डराने और धमकाने में लिप्त हैं उनके लिए उड़न दस्ता गठित किये गये हैं।

गुवा व बड़ाजामदा के छठ घाटों की साफ-सफाई की गयी

जमशेदपुर : लोकआस्था का महापर्व छठ को लेकर सभी छठ घाटों की साफ-सफाई और सजावट का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। पुलिस व सामाजिक संगठनों के संयुक्त तत्वाधान में गुवा व बड़ाजामदा के तमाम छठ घाटों की साफ-सफाई की गयी। गुवा के कारो नदी तट पर कुसुम छठ घाट, कल्याण नगर छठ घाट और योग नगर छठ घाट की साफ-सफाई की गयी। वहीं गुवा थाना प्रभारी नीतीश कुमार के दिशा-निर्देश पर स्थानीय समाजसेवियों ने मिट्टी भराव व समतलीकरण का भी काम किया। बड़ाजामदा में भी छठ घाटों की साफ-सफाई समाजसेवी संतोष प्रसाद, पूर्व जिला परिषद सदस्य शंभू हाजरा, जितेन गुप्ता सहित अन्य लोगों द्वारा कराया गया। साथ ही साफ-सफाई करने वाले लोगों ने लोगों से अपने-अपने क्षेत्रों में जहां से छठ व्रती गुजरते हैं, उस मार्ग को स्वंय श्रमदान कर साफ-सफाई करने की अपील की। समाज सेवियों ने आमजन से यह भी अपील की है।

लचरागढ़ में झारखंड पार्टी के चुनावी कार्यालय का हुआ उद्घाटन

मेट्रो रेज

लचरागढ़/कोलेबिरा: झारखंड पार्टी के कोलेबिरा प्रत्याशी विभव संदेश एक्का ने झारखंड पार्टी के पदाधिकारी गण और कार्यकताओं के संग विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर सामूहिक रूप से फीता काट कर चुनावी कार्यालय का किया उद्घाटन इस दौरान काफी संख्या में झारखंड पार्टी के कार्यकर्ता बंधु गण और ग्रामीण उपस्थित रहे।

मौके पर संदेश एक्का ने कहा कि इस बार झारखंड पार्टी की जीत सुनिश्चित है,कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र की जनता ने अब परिवर्तन का मूड बना लिया है,वर्तमान विधायक के कार्यकाल में क्षेत्र की जनता त्रस्त है,क्षेत्र में किसी भी प्रकार का कोई भी विकास का कार्य नहीं हुआ है,झारखंड पार्टी ही क्षेत्र का विकास कर सकती है। झारखंड पार्टी जाति धर्म से ऊपर उठकर कार्य करती है।झारखंड पार्टी जल जंगल और जमीन की पार्टी है।हम जनता की भावनाओं को उनकी समस्याओं को गहराई से समझते हैं,शिक्षा, स्वास्थ्य,रोजगार,विकास के मुद्दों के साथ हम क्षेत्र की जनता के बीच जा रहे हैं।क्षेत्र के आम जनता की हर समस्या का समाधान करना, युवा पीढ़ी को रोजगार से जोड़ना हमारी पहली प्राथमिकता होगी।क्षेत्र के हर खराब सड़क पुल पुलिया को दुरुस्त किया जाएगा,कच्ची सड़कों को पक्की सड़क बनाया जाएगा,घर-घर बिजली पानी आदि के सुविधा दी जाएगी,हमारे विधायक बनते ही क्षेत्र में विकास की बयार बहेगी, क्षेत्र में अधूरे पड़े सारे विकास के कार्य तेज गति से पूर्ण किए जाएंगे। इस अवसर पर दीपू पंडा, विनय अग्रवाल,प्रवीण साहू, चीकू साहू,राजेश कसेरा राजू कसेरा,संजय साहू, सुनील भुइंया,फिरू महतो, राम अवतार अग्रवाल,नीतीश गोयल,टोनी अग्रवाल,कुलेश सिंह,जेराल्ड एक्का,केवल सिंह,राजू ओहदार,नवल सिंह, रोहित सिंह,विनित गोयल, अंकित साहू,मोतीलाल पंडा, दीलीप पंडा,के अलावा झारखंड पार्टी के कार्यकर्तागण व अन्य लोग उपस्थित थे।

डॉ विजय गागराई निरंतर कर रहे हैं दौरा और जनसंपर्क अभियान

चक्रधरपुर। पीपुल्स वेल्फेयर एसोसिएशन के सचिव एवं शिक्षाविद् सामाजिक कार्यों में अपनी जनसहभागिता निभाने वाले डॉ0 विजय गागराई अपने चुनाव चिन्ह ऑटो रिक्सा के साथ पुरे क्षेत्र में परिभ्रमण करने के साथ-साथ व्यापक रूप से जनसंपर्क अभियान में जुटे हैं। लोगों से मिल रही व्यापक जनसमर्थन से यह भी संदेश जा रहा है कि लोगों के साथ निरंतर जुड़े रहने और सामाजिक दायित्व तथा जनसमस्याओं का निराकरण करने के फलस्वरूप जनता का व्यापक जनसमर्थन भी मिल रहा है। डॉ0 गागराई कुछ वर्षों से सामाजिक कार्यों के फलस्वरूप अपने दमदार कार्यों से काफी जनप्रिय हैं और निरंतर सामाजिक कार्यों को प्रोत्साहित करने का भी काम किया है। इसी का यह परिणाम है कि श्री गागराई की स्थिति दिनोंदिन मजबुत आंकी जा रही है। यही नहीं उनके आवास पर प्रातःकाल से ही लोगों की भीड़ और जनसमर्थन देखते ही बनता है। इसके पश्चात सुबह से लेकर देर शाम तक श्री गागराई लोगों के बीच अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं और उनसे जनसमर्थन भी मांग रहे हैं। उनके व्यवहार कुशलता और लोगों के बीच सहज रूप से उपलब्ध रहने का ही यह परिणाम है कि लोगों का उन्हें व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। ऐसा राजनीतिक प्रेक्षकों का मानना है। चक्रधरपुर के पूर्व विधायक बहादुर उरांव का भी इन्हें पूर्ण समर्थन मिलने से इनकी स्थिति सुदृढ़ बतायी जाती है। वहीं भाजपा छोड़कर श्री गागराई का समर्थन करने वाले श्री विजय मेलगान्डी भी श्री गागराई के पक्ष में जमकर प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। इसके अलावे अन्य लोगों का भी व्यापक जनसमर्थन उन्हें मिल रहा है। इस प्रकार से कहा जा सकता है कि डॉ0 विजय गागराई निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपनी दमदार उपस्थिति बना रहे हैं।

हम भुल न जाऐं इनको

चक्रधरपुर : भाजपा के चुनावी कार्यालय सालुजा काम्पलेक्स में चुनाव कार्यालय में यह बात काफी प्रेरणास्त्रोत है कि बिरसा मुण्डा, सिद्धु-कानहू, लाखो बोदरा, शयामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दिनदयाल उपाध्याय, अटल बिहारी बाजपायी की तस्वीर भाजपा को प्रेरणा और उर्जा प्रदान कर रही है। वहीं चक्रधरपुर के विधायक रह चुके स्व0 रूद्र प्रताप षाड़ंगी ओ कोल्हान में भाजपा के जनक थे तथा 1977 और 1980 में जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद चुने गयें तथा अविभाजित बिहार के समय विधान परिषद के सदस्य भी वहीं लक्ष्मण गिलुवा चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र से सर्वप्रथम 1995 में बिहार विधानसभा के सदस्य तत्पश्चात 1999 में लोकसभा के सदस्य बनें। लक्ष्मण गिलुवा के नाम यह भी रिकार्ड है कि वे भाजपा के पहले ऐसे विधायक थे जिन्हें लोकसभा का टिकट देकर उन्हें भाजपा ने प्रत्याशी बनाया। इससे पूर्व भाजपा विधायक को लोकसभा प्रत्याशी नहीं बनाया करती थी। इसके पश्चात लक्ष्मण गिलुवा 2009 में झारखण्ड विधानसभा के सदस्य बने। विधायक रहते पुनः इन्हें लोकसभा का प्रत्याशी बनाया गया। इन्हें सिंहभूम संसदीय क्षेत्र से सांसद चुने गये थे।

निरसा विधायक अपर्णा का डुमरिया में विरोध, बैरंग लौटना पड़ा

धनबाद : धनबाद जिले की निरसा विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अपर्णा सेनगुप्ता सोमवार की शाम प्रचार के लिए कलियासोल प्रखंड के डुमरिया गांव पहुंची। ग्रामीणों ने उनका विरोध किया, जमकर फजीहत की। ग्रामीणों का कहना था कि 5 साल पहले आप चुनाव के वक्त आईं और वोट लेकर चली गईं। चुनाव जीतने के बाद 5 साल तक कभी दर्शन नहीं दिया। गांव में पानी की समस्या है। सडक जर्जर है और गांव के आगे पुल टूटा हुआ है। ग्रामीण यहीं नहीं रुके, कहा कि आपके कार्यालय में कार्तिक नामक व्यक्ति और रवि चौरसिया हमारी बात सुनना भी नहीं चाहते हैं।

श्री श्री लोकेश्वरनाथ धाम मंदिर तालाब छठ घाट सजधज कर अर्घ्य के लिए तैयार

चाईबासा : किरीबुरु स्थित श्री श्री लोकेश्वरनाथ धाम मंदिर तालाब छठ घाट को सेल की किरीबुरु प्रबंधन ने मंदिर कमिटी के साथ मिलकर से साफ-सफाई और सजावट कराई है। मंदिर तालाब के चारों तरफ के घाटों व टूटी सीढ़?यों की मरम्मत के अलावे आकर्षक तरीके से रंग-रोगन कर चमका दिया गया है। इसके अलावे चारों तरफ बेहतर लाइट लगाये गये हैं। इस तालाब की खूबसूरती देखते बन रही है। जो भी इस रास्ते गुजरता है वह एक बार रुककर इस खूबसूरत नजारे को अवश्य देख रहा है। आज बुधवार शाम खरना पूजा के बाद प्रसाद वितरण का आयोजन छठ व्रतियों के घरों पर आयोजित होगा। भारी संख्या में लोग प्रसाद ग्रहण करने पूरी पवित्रता के साथ जायेंगे।

गरीबी नदी और पहाड़ों से नहीं नेताओं की गलत नीतियों के कारण है आया : जयराम महतो

नेताओं का है अरबों की संपत्ति लाखों की गाड़ियां

मेट्रो रेज

सिल्ली : परिवर्तन संसार का नियम है 2024 में इसलिए वोट करना है क्योंकि सिल्ली से लेकर पुरे प्रदेश में बदलाव लाना है, गरीबी नदियों और पहाडों से नही बल्कि गरीबी नेताओं के गलत नीतियों के कारण से आया है एक ओर नेताओं की अरबों की संपत्ति लाखों की गाड़ियां वही दूसरी ओर गरीबों को खाने के लिए अनाज नही, पीने के लिए शुद्ध पानी नही, वदन में कपड़ा नही यह बातें झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो ने मंगलवार को सिल्ली के पतराहातु स्कुल मैदान में आयोजित बदलाव महासभा को

संबोधित करते हुए कहा। श्री महतो ने लोगों से पार्टी प्रत्याशी झूपड़ा बाबा को पक्ष में झोली भर भर कर वोट कर जीत दिलाए। बदलाव महासभा को सिल्ली विस प्रत्याशी ने भी संबोधित किया।

स्थानीय विधायक पर जमकर बरसे जयराम : कहा कौन कहता है सिल्ली में विकास नही हुआ है सूटबूट बाबू 20 साल से विधायक मंत्री है तो तनी-मनी तो विकास होगा ही कॉलेज भी बनेगा स्कुल बसे ही चलेगी लेकिन एक तरफ सुटबुट बाबू का विकास दूसरी ओर क्षेत्र का विकास दोनों का तुलना करे और सोच समझकर वोट करें, कहा इनका हिस्सेदारी हिंडालको में, न्यूक्लियस मॉल में, झालदा रिसोर्ट में पूरी रिसोर्ट में , हैदराबाद, सिंगापुर, दुबई और ना जाने कहां कहां है।

झारखंड के राजनीति में है परिवार सीमित : जयराम महतो ने कहा सूटबूट बाबू अपने सिल्ली से मौसी रामगढ़ से छोटका मौसा गिरिडीह से और बड़का मौसा बड़कागांव से, हेमंत सोरेन बरहेट से पत्नी कल्पना सोरेन गांडेय में भाभी सीता सोरेन जामताड़ा में और बड़े भाई बसंत सोरेन दुमका से छत्तीसगढ़ के राज्यपाल पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की पुतोह जमशेदपुर से, केंद्रीय व पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा की पत्नी पोटका से, 25 साल के नेता पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का बेटा बाबूलाल सोरेन घाटशिला से। सबको अपने अपने परिवार की चिंता है तो हम अपने भावी पीढ़ी के लिए चिंता क्यों न करें, उन्होंने आगे कहा जयराम महतो एक ऐसा शख्स है जो भावी पीढ़ियों का भविष्य के लिए पारसनाथ पहाड़ से आकर दहाड़ रहा है अगर जयराम को नहीं जीत पाए तो आगे कोई चुनाव लड़ने का साहस नहीं कर पाएगा। मुझे तो यह जानकारी मिली है कि भाजपा के सभी सांसदों को दिल्ली बुलाकर पूछा गया है की जयराम महतो को कंट्रोल कैसे किया जाएगा।